भारत के समाचार पत्रों के पंजीयक का कार्यालय द्वारा पंजीकृत संख्या UTTHIN/2015/66525

E-mail: amarujiyara@gmail.com

# अमर उजियारा

हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

वर्ष–7 अंक–23 सोमवार, 27 सितम्बर 2021 हल्द्वानी (नैनीताल) मूल्य 5/– रुपया पृष्ठ 8

# मुख्यमंत्री ने किया अन्तराष्ट्रीय सेब महोत्सव का शुभारम्भ







देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को रेंजर ग्राउंड में आयोजित तीन दिवसीय अन्तराष्ट्रीय एप्पल महोत्सव का शुभारम्भ किया। उन्होंने प्रदेश में सेब उत्पादन को बढ़ावा देने तथा राज्य के सेब को पहचान दिलाने के लिये एप्पल मिशन को दी जाने वाली ध नराशि दुगनी किये जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कोरोना काल में औद्यानिकी एवं बागवानी के विकास से जुड़े कार्मिकों को प्रोत्साहन राशि प्रदान किये जाने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में उद्योगों के साथ ही उद्यान एवं बागवानी के विकास हेतु अनुकूल नीति बनायी जायेगी। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में नये उद्यानों की स्थापना तथा उनके बेहतर प्रबन्धन पर ध्यान देने पर बल देते हुए कृषि वैज्ञानिकों से राज्य की भौगोलिक परिस्थिति के अनुकूल कृषि एवं बागवानी के विकास हेतु शोध एवं अनुसंधान पर ध्यान देने की अपेक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सेब पौष्टिकता से युक्त फल है। हमारा सेब उत्पादन वैसे आगे बढ़े तथा देश व दुनिया में इसकी पहचान बने इस पर ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन निश्चित रूप से हमारे सेब उत्पादकों तथा बागवानी से जुड़े किसानों को नये अवसर प्रदान करने तथा प्रधानमंत्री मोदी के किसानों एवं बागवानों को खुशहाल बनाने के संकल्प को भी पूरा करने में मददगार होगा। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय कृषि मंत्री द्वारा भी राज्य में कृषि एवं बागवानी के विकास में पूरा सहयोग का आश्वासन दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में नई तकनीकि के बल पर सेब के उन्नत किस्म के पेड़ लगाने से हम जम्मू कश्मीर एवं हिमाचल से अच्छी क्वालिटी का सेब उत्पादन कर उसके निर्यातक बनें। इस दिशा में समेकित प्रयासों की भी उन्होंने जरूरत बतायी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में किसानों, नौजवानों , समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाना हमारा उद्देश्य है, इसके लिये जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में सरलीकरण के साथ समाधान एवं निस्तारण तथा संतुष्टि के भाव के साथ कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने इस पर आयोजित प्रदर्शनी एवं स्टालों का भी अवलोकन किया तथा प्रतिभागियों से भी जानकारी प्राप्त की। कृषि एवं उद्यान में मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि यह आयोजन राज्य के सेब उत्पादन एवं बागवानी के विकास मे मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि एप्पल मिशन के साथ अधिक से अधि क किसानों को जोड़ा जा रहा है। जम्मू कश्मीर एवं हिमाचल के साथ हमारे सेब की पहचान बने इसके लिये क्वालिटी एवं पैकिंग पर ध्यान दिया गया है। आध ुनिक तकनीकि एवं उपकरणों के साथ कृषि वैज्ञानिकों को भी इससे जोड़ा गया है ताकि बेहतर अनुसंधान के बल पर हमारे उत्पादों की पहचान बन सके।

निदेशक उद्यान डॉ. एच. एस. बवेजा ने बताया कि प्रदेश को उद्यान प्रदेश बनाने की कार्य योजना तैयार की गयी है। इसके लिये १६९० करोड़ रूपये का प्रस्ताव तैयार किया गया है। हमारे किसान आधुनिक तकनीकि का इस्तेमाल कर बागवानी के विकास में सहयोगी बनें इसके प्रयास किये जा रहे हैं।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, विधायक महेश नेगी, पूर्व मंत्री नारायण सिंह राणा आदि उपस्थित थे।

## गोदाम से हुई 4 लाख रुपये की सिगरेट चोरी में तीन आरोपी गिरफ्तार



देहरादून। कारगी चौक, जेपी प्लाजा के पास स्थित सप्लायर के गोदाम से चार लाख रुपये की सिगरेट के पैकेट की चोरी में तीन आरोपी पटेलनगर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किए हैं। एसओजी की मदद से आरोपियों को मुरादाबाद से गिरफ्तार कर दून लाया गया। आरोपियों से पुलिस ने सिगरेट के बड़ी संख्या में पैकेट बरामद किए हैं। चोरी में प्रयुक्त कार और एक फर्जी नंबर प्लेट भी बरामद की है। एसपी सिटी सरिता डोबाल ने बताया कि १६ सितंबर को हरि थापा ने अपने स्टोर से करीब चार लाख रुपये की सिगरेट चोरी होने को लेकर मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो एक कार मौके पर दिखी। इसमें तीन लोग थे, जो दुकान से सामान चुराकर ले गए। कार का मार्ग ट्रैक किया तो पता चला कि वह जोगीवाला, डोईवाला, हरिद्वार, धामपुर होते मुरादाबाद पहुंची। मुरादाबाद से जानकारी जुटाकर पुलिस ने चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार किए हैं। उनसे पुलिस ने सिगरेट के २३०० पैकेट और कार बरामद की। पता लगा कि उस पर वह फर्जी नंबर प्लेट लगाकर चोरी करते थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हाशिम (४३) निवासी मोहल्ला बरबलान, थाना मुगलपुरा जिला मुरादाबाद, अहसान (५३) निवासी हमाम वाली गली, नियर मजार बारादरी थाना कोतवाली मुरादाबाद और रईस अहमद (६०) निवासी नवाबपुरा गुडियाबाग कूडा के पास थाना नागफनी जिला मुरादाबाद के रूप में हुई। अहसान के खिलाफ पहले भी चोरी के केस दर्ज हैं।

## आंगनबाड़ी, आशा कार्यकर्त्ताओं और भोजनमाताओं का सचिवालय कूच



देहरादून। ट्रेड यूनियन के देशव्यापी आह्वान पर सीटू से संबद्ध आंगनबाड़ी, आशा और भोजनमाताएं शुक्रवार को गांधी पार्क में एकत्रित हुईं। इसके बाद लंबित मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग को लेकर रैली के रूप में सचिवालय के लिए निकलीं। सचिवालय से पहले पुलिस ने बेरिकेडिंग लगाकर प्रदर्शनकारियों को रोक लिया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने वहीं पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। मौके पर पहुंचीं सिटी मजिस्ट्रेट कुश्म चौहान को पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। चेतावनी दी कि जल्द मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो दोबारा सड़कों पर उतरेंगे। मौके पर सीटू के जिला महामंत्री लेखराज, उपाध्यक्ष भगवंत पयाल, रविंद्र नौडियाल, रजनी गुलेरिया, सुनीता चौहान, कलावती चंदोला, मायादेवी आदि शामिल रहीं।

## अग्रसेन महाराज के जन्मोत्सव पर निकाली कलश यात्रा

देहरादून। अग्रवाल समाज द्वारा महाराजा अग्रसेन के जन्मोत्सव पर आयोजित श्रीमद् भागवत व महाराजा अग्रसेन की जीवनी कथा की पवित्र कलश यात्रा का आयोजन हिंदू नेशनल इंटर कॉलेज से कथा स्थल तक किया गया। कथा का आरंभ शनिवार को होगा। कोविड–१९ का पालन करते हुए शाम को मातृशक्ति ने हिंदू नेशनल इंटर कॉलेज से कलश में पवित्र गंगाजल और नारियल सजाकर यात्रा का श्रीगणेश किया। कथा व्यास सुभाष जोशी व पृथ्वीनाथ महादेव मंदिर के दिगंबर भागवत पुरी का माल्यार्पण कर स्वस्तिवाचन के साथ स्वागत सत्कार किया गया। इस अवसर पर महाराजा अग्रसेन की जय हो, लड्डू गोपाल की जय हो, कुलदेवी महालक्ष्मी की जय हो के जयघोष से समस्त वातावरण भक्तिमय हो गया। मुख्य यजमान सुनील अग्रवाल ने पवित्र भागवत ग्रंथ को अपने शीश पर ध ारण किया। पवित्र अग्र भागवत को अग्रवाल समाज के अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल ने अपने शीश पर धारण किया।

## सम्पादकीय

# चालाकी और बल

पाकिस्तान बैठक में तालिबानी प्रतिनिधि को शामिल करने पर जोर दे रहा था। काबुल में तालिबान द्वारा बनाई गई अंतरिम सरकार को किसी भी देश द्वारा औपचारिक रूप से मान्यता नहीं दी गई है और पाकिस्तान हर मुमकिन कोशिश में लगा है कि तालिबान को मान्यता मिल जाए। अगर सार्क की प्रस्तावित बैठक में तालिबान के प्रतिनिधि को शामिल कर लिया जाता, तो जाहिर है, इससे सार्क को भले ही कोई लाभ नहीं होता, लेकिन यह तालिबान और पाकिस्तान की कामयाबी में दर्ज हो जाता। पाकिस्तान को कतई इस बात की चिंता नहीं है कि सार्क देशों की किसी भी स्तर पर बैठक कितनी जरूरी है, उसे केवल अपने निहित स्वार्थ से मतलब है और तालिबान ने किसी भी तरह का लचीलापन दिखाने से इनकार कर दिया है। समावेशी सरकार बनाने की पाकिस्तानी सलाह को भी उसने एक तरह से ठुकरा दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में तालिबान की वैधता पर सवाल उठाए हैं, क्योंकि वह समावेशी नहीं है। इसके बाद यह साफ हो गया था कि गैर–लचीले तालिबान के लिए विश्व मंचों पर राह आसान नहीं है। जब संयुक्त राष्ट्र में ही ज्यादातर देश तालिबान को वैधता देना नहीं चाहते, तो सार्क में उसे कैसे वैधता दी जाए? तालिबान को तो सब कुछ चालाकी और बल के जोर पर हासिल हुआ है, तो उसे कोई परवाह नहीं है, लेकिन कम से कम पाकिस्तान को अपने भले–बुरे का विचार करना चाहिए। आज अगर सार्क उपयोगी या सक्रिय रहता, तो पाकिस्तान को ही सर्वाधिक लाभ होता। खुद पाकिस्तान अलग–थलग पड़ता जा रहा है। तालिबानी सोच से अत्यधिक लगाव के चलते वह असुरक्षित होता जा रहा है। पहले न्यूजीलैंड और फिर इंग्लैंड की क्रिकेट टीम ने पाकिस्तान का दौरा रद्द कर दिया है। पाकिस्तान को स्वयं अपने यहां सुरक्षा और सद्भाव का माहौल बनाना चाहिए, वरना तालिबान के साथ खुद उसकी विश्वसनीयता भी छीजती चली जाएगी। अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, भारत, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका को एक साथ लाने वाला समूह अपने १९वें वार्षिक शिखर सम्मेलन के बाद से मरणासन्न ही रहा है। पाकिस्तान के व्यवहार ने सार्क को बाधित किया है। यह संगठन भारत या किसी अन्य देश के वर्चस्व या मनमानी के आधार पर नहीं, बल्कि आम सहमति के सिद्धांत पर काम करता है। दक्षेस सचिवालय द्वारा आठ देशों के विदेश मंत्रालयों को संदेश मिला है कि २५ सितंबर को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में सभी सदस्य राष्ट्रों में सहमति की कमी के कारण बैठक नहीं होगी। सर्वज्ञात है कि सार्क या दक्षेस का इस्तेमाल पाकिस्तान हमेशा भारत के खिलाफ विवादित विषय उठाने के लिए करता रहा है। भारत–पाकिस्तान संबंधों में तनाव न्यूयॉर्क में सार्क के विदेश मंत्रियों की बैठकों में पहले भी परिलक्षित हुआ है। साल २०१९ में पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने जम्मू–कश्मीर के विशेष दर्जे में बदलाव के विरोध में दक्षेस बैठक में अपने भारतीय समकक्ष के भाषण का बहिष्कार किया था। खैर, इस बार बैठक को पहले ही रद्द करने से पाकिस्तान को झटका लगा है, लेकिन क्या वह सकारात्मक दृष्टि से विचार करेगा

# सफर में सफरिंग से क्या डरना!

जोगा सिंह

अगर एक आम भारतीय और एक यूरोपियन शिमला जाएंगे तो वे वहां क्या करेंगे? कुछ भारतीय युवाओं के बारे में मैं अच्छे से जानता हूं इसलिए बता सकता हूं कि वे सबसे पहले एक महंगा होटल तलाशेंगे और फिर रूम बुक करेंगे। फिर खाने का ऑर्डर देंगे, छककर महंगी शराब पीकर सो जाएंगे। सुबह उठकर वापिस घर चले जाएंगे। पैसे की बर्बादी के साथ बस इतना ही था उनका घूमना और एंजॉय!

अब समझिए कि एक यूरोपियन वहां क्या करेगा? वह किसी पहाड़ की चोटी पर चढ़ जाएगा और अपना टेंट गाड़ देगा। वह रातभर उस पहाड़ की चोटी पर बर्फीली हवाओं के संग रहेगा। इस बीच हो सकता है कि वहां बारिश भी हो जाए, तूफान भी आ जाए लेकिन वह हर चीज को एंजॉय करेगा। सुबह सूरज की पहली किरण के साथ फोटो या विडियो भी शूट करेगा। इस बीच, जो भी उसके पास खाने और पीने के लिए है उसी से काम चलाएगा। यह भी संभव है कि वह वहां खींचे फोटो या विडियो को बेचकर वह अपने टूर का कुछ खर्चा भी निकाल ले। वहां अपनी हर गतिविधि में उसे जोखिम उठाना पड़ सकता है लेकिन वह उसके लिए मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार होकर आया है।

अब ध्यान देने वाली बात यह है कि भारतीय युवक के जीवन में सब कुछ पहले से ही निश्चित था। उसने एक तरह के बने बनाए रूल के आधार पर अपना आनंद निश्चित किया था। उसकी जिंदगी में सब कुछ पहले से सेट था। कितना महंगा होटल लेना है? होटल उसके लिए कितना सुरक्षित है? रूम हीटर है या नहीं? बाथरूम में गर्म पानी आता है या नहीं? मेन्यू में से कौन–कौन–सा खाना ऑर्डर करना है? सुबह ब्रेकफास्ट में क्या लेना है? और कमरा कितने बजे चेक आउट करना है?

जीवन में जब हर चीज निश्चित होती है तो हम उसी के मुताबिक चलते हैं। तब खुद को उससे बाहर नहीं निकाल पाते? जबकि पहाड़ की चोटी पर उस यूरोपियन की जिंदगी में कुछ भी निश्चित नहीं है। ज्यों ही वह फैसला करता है कि मैं होटल में न रहकर किसी पहाड़ की चोटी पर रहूंगा, तभी से उसकी जिंदगी में मुश्किलें भी बढ़ जाती हैं। उसका दिमाग एक कमांडो की तरह चारों दिशाओं में दौड़ने लगता है कि कौन–सी चोटी मेरे लिए ठीक रहेगी? चोटी कितनी ऊंची होनी चाहिए? वहां कौन सी मुश्किलें आएंगी और उनका कैसे डटकर मुकाबला करना है? यूरोपियन के मन में तनाव पैदा होगा और उसको इसके लिए बहुत सोचना पड़ेगा। अब बताइये कि आगे की तरफ कौन देख रहा है?दूसरी तरफ, उस भारतीय युवा के मन में कोई तनाव नहीं। वह रातभर नशे में रहेगा और उसे पता भी नहीं चलेगा कि वह कहां सोया हुआ है? जब वह होटल से निकलेगा तो उसे यह लगेगा कि कोई फायदा नहीं हुआ यहां आने का क्योंकि मुझे तो कोई नया अनुभव हुआ ही नहीं। कुछ भी हासिल नहीं हुआ। उसके जीवन में कुछ नया घटित नहीं हुआ, कोई नया विचार पैदा नहीं हुआ।जबकि यूरोपियन को रात में इतने फैसले लेने पड़े, इतनी चुनौतियों का सामना करना पड़ा जिससे जीवन के प्रति उसकी नई समझ पैदा हो गई क्योंकि उसका अनुभव अद्भुत रहा। उसने आज जीवन के प्रति एक नई खोज की क्योंकि वह पहले से ज्यादा बौद्धिक हो गया। उसके अंदर आत्मविश्वास, हौसला, निडरता जैसे गुणों की बढ़ोतरी हो गई। तो फिर बताइए कि यहां असल आध्यात्मिक कौन है?

यूरोपियन को जो नशा हुआ वह नशा कभी नहीं उतरेगा। अब आप ही बताओ कि धार्मिक ग्रंथों वाला आनंद उस यूरोपियन ने लिया या भारतीय युवक ने? दोनों में से अध्यात्म के पनपने के अवसर किस में ज्यादा हैं? मेरे हिसाब से, अध्यात्म का मतलब आत्मा का ज्ञान, खुद के ज्ञान से है। अब खुद का ज्ञान होटल में एंजॉय करने से ज्यादा होगा या पहाड़ की चोटी पर संघर्ष करने से? किसी भी काम और उसके प्रबंधन को बेहतर करते रहने की स्थिति को अध्यात्म कहते हैं। लेकिन हम लोग बेहतर करने की बजाय उसे दोहराने लगते हैं। इससे जीवन में मौलिकता खत्म हो जाती है और जीवन कर्मकांड में बदल जाता है। फिर कर्मकांड पाखंड में बदल जाते हैं और यही पाखंड आने वाली पीढ़ियों के लिए एक परंपरा बन जाते हैंहम यूरोपियन पर कई इल्जाम लगाते हैं जबकि सच यह है कि हमारी संघर्ष और खुद के ज्ञान में कोई रुचि नहीं। उधर, बहुत–से विकसित देश धार्मिक पाखंडों से दूर हो रहे हैं, वहां चर्च में जाने वाले लोगों की संख्या लगातार घट रही है। बहुत–से चर्चों को तो स्कूलों में बदला जा रहा है। विकसित देशों में नास्तिकों की संख्या भी ज्यादा मिलेगी।

# कश्मीर दूर है, पहले खुद को बचाए पाक

आदित्य राज कौल

तालिबान के शीर्ष नेताओं मुल्ला बरादर और हक्कानी नेटवर्क के सिराजुद्दीन हक्कानी ने कतर एयरफोर्स के विमान से जैसे ही अफगानिस्तान की धरती पर कदम रखा, साफ हो गया कि इस देश में एक नए इस्लामी अमीरात तालिबानी शासन की शुरुआत होने वाली है। काबुल में तालिबान के डिप्टी अनस हक्कानी ने पूर्व राष्ट्रपति हामिद करजई और दूसरे नेताओं से मुलाकात की। उन्हें उनकी सुरक्षा को लेकर आश्वस्त किया। तालिबान के इन कदमों को अपने लिए व्यापक सहमति जुटाने के तौर पर देखा जा रहा है। वह इस बार अपनी एक ऐसी छवि दिखाना चाहता है, जो अधिक मानवीय है।

चरमपंथ बढ़ेगा

काबुल पर कब्जे के बाद से ही तालिबान अपनी एक नरम और उदार छवि पेश करने के लिए बेचैन है। ऐसी छवि, जिसके बारे में उसका दावा है कि यह पहले से बिल्कुल अलग है। तालिबान चाहता है कि लोग उस पुराने चेहरे को भूल जाएं, जब सरेआम मौत की सजा दी जाती थी, महिलाओं–लड़कियों के घर से बाहर निकलने पर मनाही थी, बुर्का जैसे शरीर का ही एक अंग बन गया था और लड़कियों को प्राथमिक शिक्षा तक की इजाजत नहीं थी। हालांकि काबुल के राष्ट्रपति भवन में तालिबान ने जो पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस की, उसमें संकेत दिए गए कि महिलाओं के साथ किसी तरह का भेदभाव नहीं किया जाएगा। सारे अधिकार मिलेंगे उन्हें, लेकिन केवल इस्लामी शरिया कानून के अनुसार। कोई भी शरिया के खिलाफ बोल या लिख नहीं सकेगा। तालिबान की नजरों में यह मुद्दा राष्ट्रीय महत्व का है। इन बयानों से तालिबान की चाल साफ होने लगती है। कुल मामला नई बोतल में पुरानी शराब जैसा है। अफगानिस्तान पर तालिबान का कब्जा आने वाले वक्त में इस मुल्क को चरमपंथ और आतंकवाद का सबसे बड़ा केंद्र बना देगा। तालिबानी शासन के साथ सुन्नी उग्रवाद को मिलेगा एक नया जीवन, जो इस्लामिक राज्य इराक और आईएसआईएस से भी बदतर होगा। तालिबान के पास हथियारों की कोई कमी नहीं है। अमेरिकी फौज अफगानिस्तान की धरती छोड़ते समय अपने पीछे हेलिकॉप्टर, विमान और आधुनिक हथियार, गोला–बारूद छोड़ गई है। एक लंबे समय तक तालिबान इनसे अपनी सुरक्षा कर सकता है। आने वाले समय का अंदाजा आप इस बात से भी लगा सकते हैं कि अमेरिका ने अफगान सेना को तीन लाख आधुनिक हथियारों से लैस किया था। अब यह सब तालिबान के हाथों में है। तालिबान के इस उदय के साथ सवाल उठ रहा है कि क्या कोई असर जम्मू–कश्मीर पर भी पड़ेगा? या फिर तालिबान का नरम चेहरा वाकई ऐसा ही रहेगा और हमें कोई चिंता करने की जरूरत नहीं? सुन्नी उग्रवाद के उदय का अर्थ निकालें तो मुझे लगता है कि जम्मू–कश्मीर पर पर सीधे तौर पर तुरंत कोई खतरा नहीं है। हां, पाकिस्तान पड़ोस में है और उस पर असर को नकार नहीं सकते। काबुल से जम्मू–कश्मीर का रास्ता पाकिस्तान से होकर ही जाता है। अफगानिस्तान में तालिबान के आतंकी शिविरों में पाकिस्तान से ट्रेनिंग लेने वाले आतंकवादी जम्मू–कश्मीर जाने से पहले रास्ते में अपने ही घर जला सकते हैं। तालिबानी राज का असर यह होगा कि आने वाले बरसों में पाकिस्तान में सुन्नी और वहाबी चरमपंथ में इजाफा होगा। लाहौर में तहरीक–ए–लब्बैक ने महाराजा रणजीत सिंह की प्रतिमा को तोड़ दिया। इसी से समझ सकते हैं कि चरमपंथ किस तरह उबल रहा है। एक और घटना है पाकिस्तान की, जो चरमपंथियों के उभार को बताती है। लाहौर के मिनार–ए–पाकिस्तान में टिकटॉक विडियो बनाने वाली लड़की को सरेआम निर्वस्त्र किया गया, ४०० लोगों ने रेप करने की कोशिश की उससे। अफगानिस्तान में तालिबान राज का फल पाकिस्तान को मिलने लगा है। हर गुजरते दिन के साथ वहां के समाज पर इसका असर गहरा होता जाएगा।

आतंकियों को सुरक्षित पनाह देने की शर्त पर पाकिस्तान उनके सामने कई मांगें रखता रहा है। क्या इस बार वह तालिबान के समक्ष अपनी शर्तें रख सकेगा? इस जवाब के लिए पीछे के हालात को देखिए। दोहा वार्ता में पाकिस्तान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यहीं पर तालिबान और अमेरिका के बीच समझौता हुआ। अमेरिका ने तय किया कि वह इस साल सितंबर तक अपनी फौजें वापस बुला लेगा। हालांकि इस समयसीमा के दौरान तालिबान ने कई समझौते तोड़ दिए। उसके लड़ाके एक के बाद एक राज्यों पर जबरन कब्जा करते हुए राजधानी तक पहुंच गए। काबुल में आत्मघाती हमले जारी रहे। मासूमों को निशाना बनाया जाता रहा। अगर तालिबान ने दोहा वार्ता की शर्तों के मुताबिक कदम बढ़ाए होते तो पाकिस्तान परिस्थिति का फायदा उठाने की ज्यादा अच्छी स्थिति में होता। अब अमेरिका भी पहले की तरह उस पर अधिक निर्भर नहीं रहेगा। वैसे पाकिस्तान पर्दे के पीछे से इस तालिबानी शासन में अपना उचित हिस्सा चाहता है।

तालिबान से बातचीत

अगर भारत की बात करें तो वह इस क्षेत्र की हकीकत से मुंह नहीं मोड़ सकता। अगर तालिबान के साथ बैकचैनल से बातचीत नहीं चल रही है, तो शुरू करनी होगी। भारत की एक बड़ी आबादी मुस्लिम है और तालिबान इसे नजरअंदाज नहीं करेगा। वह जम्मू–कश्मीर और भारत के दूसरे आंतरिक मामलों में टांग अड़ाने के बजाय भारत से सीधी बातचीत चाहेगा। तालिबान की आधिकारिक नीति है कि जम्मू–कश्मीर एक द्विपक्षीय मसला है। इसी से कूटनीति और अंतरराष्ट्रीय संबंधों के मामले में उसके दृष्टिकोण का पता चल जाता है। यह दृष्टिकोण अब तक भारत के अनुकूल रहा है और लगता नहीं कि अफगानिस्तान में अपने शासन को मजबूत किए बिना तालिबान संघर्ष का कोई नया मोर्चा खोलेगा। हालांकि इन सबके बावजूद भारत को जम्मू–कश्मीर को लेकर सतर्क रहना होगा। हाल–फिलहाल भले नहीं, लेकिन आने वाले समय में आतंकवाद में वृद्धि देखी जा सकती है। तालिबान के उदय ने जैश–ए–मोहम्मद और लश्कर–ए–तैयबा जैसे आतंकी संगठनों में नई ऊर्जा भर दी है। इन संगठनों के अफगानिस्तान में आतंकी शिविर हुआ करते थे। १९९० के दशक में कश्मीर में घुसपैठ करने वाले आतंकियों को मुल्ला उमर के कैंप में ट्रेनिंग मिली होती थी। अफगान और अमेरिकी सेना के खिलाफ पाकिस्तानी आतंकियों के लडने के जज्बे को भी तालिबान नहीं भूला होगा।तो कुल मिलाकर जब तक भारत इस नई स्थिति का विश्लेषण करता है, तब तक तालिबान के सामने भी कई चुनौतियां हैं। उसे समझना होगा कि शासन कैसे करना है और जातीय रूप से बंटे देश को किस तरह एक करके रखा जाए।

# वैज्ञानिकों को सम्मानित किया

देहरादून। भारतीय मृदा एवं जल संरक्षणवादी संगठन देहरादून ने भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान के सहयोग से वार्षिक पुरस्कार समारोह का आयोजन किया। साथ ही डॉ. केजी तेजवानी मेमोरियल लेक्चर भी आयोजित हुआ। कौलागढ़ में आयोजित कार्यक्रम से लगभग २४० सदस्य ऑनलाइन जुड़े। मुख्य अतिथि केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान जोध पुर के पूर्व निदेशक एवं राजस्थान कृषि विवि बीकानेर के पूर्व कुलपति डॉ. प्रताप नारायण रहे। भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान के पूर्व निदेशक डॉ पीके मिश्रा ने डॉ के. जी. तेजवानी मेमोरियल व्याख्यान कार्यक्रम की अध्यक्षता की। आईसीएआर–भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान अनुसंधान केंद्र कोटा के पूर्व प्रमुख आरके सिंह कार्यक्रम के सह–अध्यक्ष रहे। भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान देहरादून के निदेशक डॉ. प्रकाश चौहान, पूर्व अपर वन महानिदेशक डॉ. विनोद रंजन, भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान देहरादून के निदेशक डॉ. एम मधु, भारतीय मृदा एवं जल संरक्षणवादी संगठन के अध्यक्ष डॉ. पीआर ओजस्ववी मौजूद रहे। इस दौरान डॉ. रतन लाल और डॉ. राम बाबू को आईएएसडब्ल्यूसी लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। डॉ. केजी तेजवानी पुरस्कार संयुक्त रूप से डॉ. राम प्रसाद यादव और डॉ. देबाशीष चक्रवर्ती को संयुक्त रूप से प्रदान किया गया। प्रो. परमेंद्र प्रसाद डबराल, डॉ. महेंद्र प्रसाद त्रिपाठी, डॉ. बी कृष्णा राव, डॉ. रितेश साहा को आईएएसडब्ल्यूसी फैलोशिप से सम्मानित किया गया। डॉ. राजेश कौशल डॉ एचसी होम्बे गौड़ा, आर. सर्वपल्ली विजय कुमार को क्रमशः रिसर्च, फील्ड फंक्शनरी और टेक्निकल कैटेगरी में आईएएसडब्ल्यूसी स्वर्ण पदक दिया गया। आईएएसडब्ल्यूसी युवा वैज्ञानिक पुरस्कार संयुक्त रूप से डॉ. एस धरुमराजन और डॉ. सुरेश कुमार को प्रदान किया गया। डॉ. उदय मंडल को आईएएसडब्ल्यूसी नवोदित वैज्ञानिक पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने किया कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर तीखा हमला

देहरादून। उत्तराखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी व केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने पूर्व सीएम हरीश रावत के जय श्री गणेश का नारा देने पर खिंचाई की तो दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल पर फौजियो का अपमान करने का आरोप लगाया। पत्रकारों से बातचीत में जोशी ने कांग्रेस पर चारधाम यात्रा को लेकर भी औछी राजनीति पर उतरने का आरोप मढ़ा। कहा कि अभी कुछ दिनों पहले पूर्व सीएम हरीश रावत ने एक घोषणा कि हम जय श्री राम के नारे के बदले में जय गणेश जी का नारा देंगे। कहा कि इसके लिए वे कांग्रेस पार्टी व हरीश रावत का अभिनंदन करना चाहते हैं क्योंकि उन्होंने कम से कम अपने अपरिपक्व नेतृत्व को जय गणेश का नारा लगाने का सुझाव तो दिया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि गणेश जी और रामजी तो हम पहले से बोलते आ रहे हैं। यह अजीब स्थिति है कि महाराष्ट्र में जिनके समर्थन में सरकार चल रही है, वहां आज भी गणेश कार्यक्रमों पर प्रतिबंध है, और यहां हरीश रावत कहते हैं हम जय गणेश बोलेंगे। उन्होंने पूर्व सीएम को सुझाव दिया कि वे अपने नेतृत्व से महाराष्ट्र के सीएम को समझाने के लिए कुछ तो बोले।जोशी ने कहा कि उत्तराखंड में कांग्रेस नेता एक बार बीजेपी और एक बार कांग्रेस सरकार का तर्क रखते हुए जनता में भ्रम पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी में क्या चल रहा है हरीश रावत को यह देखना चाहिए। आज भी उनके विधायक भाजपा में शामिल हो रहे हैं। कांग्रेस का नेतृत्व और यहां के नेता अब यह समझ गए हैं कांग्रेस भूतपूर्व पार्टी हो चुकी है। इसीलिए वे कांग्रेस पार्टी छोड़कर इधर–उधर जा रहे हैं। कांग्रेस नेता दूरबीन लेकर अपने कंडीडेंट को ढूंढने के लिए जाने लगे हैं, ऐसी स्थिति अब कांग्रेस की बन गई है। जोशी ने कहा कि आम आदमी पार्टी एक छूठ फैलाने की कोशिश कर रहा है। फौजी को आगे कर वोट मांगने की कोशिश में है। उन्होंने दिल्ली के सीएम केजरीवाल पर फौजियो का अपमान करने का आरोप लगाया। कहा कि जब हमारे सैनिकों ने पाकिस्तान पर सर्जिकल स्ट्राइक की तो पाकिस्तान ने ट्विट कर हमले की पुष्टि की, लेकिन केजरीवाल सेना से सबूत मांगने लगे। आप के 300 यूनिट फ्री बिजली वादे पर जोशी ने कहा कि दिल्ली में क्या स्थिति है, चुनाव के समय तो बिल नहीं आते, लेकिन इसके बाद चार–पांच गुना बिल भेज दिया जाता है। केजरीवाल ने फ्री–फ्री बोलकर दिल्ली में कई इलाकों को लोगों को बिजली से फ्री कर दिया है, कई ऐसे इलाके हैं जो हमेशा अंधकार में रहते हैं।

# जागर संरक्षण दिवस के रुप में मनाया लोकगायक पद्मश्री प्रीतम भरतवाण का जन्मदिन

देहरादून। लोकगायक पद्मश्री प्रीतम भरतवाण के प्रशंसकों ने अपने चहेते गायक का जन्मदिन जागर संरक्षण दिवस के रुप में मनाया। इस मौके पर प्रीतम भरतवाण व मीना राणा का नया श्रृंगारिक गीत आख्युं की भौऊं का यू–ट्यूब चौनल पर लांच किया गया। प्रेस क्लब में देर शाम को हुए कार्यक्रम में प्रीतम भरतवाण ने कोविड काल में साथ छोड़ चुके राज्य के चर्चित लोकगायक स्व.हीरा सिंह राणा, राम रतन काला समेत अनेक गायक, लोककलाकारों को याद किया और कहा कि कोविड काल में लोककलाकारों ने सबसे अधिक कष्ट झेला है। अभी तक भी स्थितियां सामान्य नहीं हो सकी हैं। उन्होने अपने जन्मदिन को धूमधाम से मनाने के लिए प्रशंसकों का आभार जताया और कहा कि, कलाकार जल्द ही इस कठिन समय से निकलेंगे। इस मौके पर मुख्य अतिथि संजय शर्मा दरमोड़ा, प्रीतम भरतवाण, मीना राणा ने अपने नए गीत का लोकार्पण किया। इस गीत में प्रीतम का साथ दिया है गायिका मीना राणा ने। यह गीत बहुत ही सुरीला है। जिसे खुद प्रीतम ने लिखा व धुन बनायी है। गीत का फिल्मांकन जीत चंद्रयाल व नताशा शाह पर हुआ है। सिनेमेटोग्राफी नवी बर्त्वाल, सोनू वर्मा, निर्देशक सैंडी गुसाई हैं। चौनल मैनेजमेंट राहुल कठैत देख रहे हैं। प्रीतम ने बताया कि सीडी कैसेट के दौर में वह आठ गीतों की एक कैसेट तैयार करते थे। उस समय कलाकारों को दिल्ली की दौड़ लगानी पड़ती थी। अपने गीतों के प्रचार प्रसार के लिए जुटना पड़ता था। लेकिन अब यू–ट्यूब गीतों का सरल व विश्वव्यापी माध्यम बन गया है। मुख्य अतिथि संजय दरमोड़ा ने प्रीतम की संगीत यात्रा व संस्कृति संरक्षण के क्षेत्र में नई बुलंदियां छूने पर प्रीतम की सराहना की। इस मौके पर किसना बगोट, सह निर्माता भगवान सिंह पंवार, संगीत संचालक सागर शर्मा, संगीतकार संजय कुमोला, वीडियो निदेशक सैण्डी गुसाईं, नवी बर्त्वाल, संयोजक अंकिता चौहान, नताशा शाह, डांडी कांठी क्लब के अध्यक्ष विजय उनियाल उपस्थित रहे। गीत के मुख्य निर्माता उतम पंवार, ज्योति फिल्मस हैं। कार्यक्रम अनिल गोदियाल ने किया।

# यूकेडी ने की स्मार्ट सिटी के कार्यों की सीबीआई जांच की मांग

देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल महानगर ने डीएम के माध्यम से सीबीआई निदेशक नई दिल्ली को ज्ञापन भेजकर स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट देहरादून में हो रहे भ्रष्टाचार की शिकायत की है। यूकेडी ने स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट पर श्वेत पत्र भी जारी करने की मांग की है। कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन के दौरान महानगर अध्यक्ष दीपक रावत ने कहा कि स्मार्ट सिटी का काम शहरी विकास मंत्रालय भारत सरकार की महत्वकांक्षी परियोजना है। लेकिन इस परियोजना में लगातार भ्रष्टाचार की शिकायतें आ रही हैं। शहर के इसके कामकाज पर लगातार अंगुली उठ रही है। लिहाजा जनहित में इसके कामों की जांच व इस काम में लगे अधिकारियों की आय की जांच सीबीआई से कराना जनहित में जरुरी हो गया है। 2017 में योजना के शुरू होने की घोषणा से दूनवासी उत्साहित थे। किंतु जैसे–जैसे समय व्यतीत हो रहा है, लोगों में हताश बढ़ती जा रही है। महानगर कार्यकारी अध्यक्ष किरण रावत ने कहा कि राज्य सरकार ने इस योजना के लिए 6 सीईओ नियुक्त किए हैं। बार–बार अधिकारी बदलने से यह स्पष्ट है कि इस योजना में भ्रष्टाचार विद्यमान है। टेंडरों में मनमानी, भ्रष्टाचार और मानकों की अनदेखी से कार्य आवंटन के आरोप मुख्य है । अधिकारियों पर अपने चहेतों को टेंडर दिला कर आर्थिक लाभ लेने के गंभीर शिकायतें प्राप्त हुई हैं। कार्य तय समय पर पूर्ण ना होने से आम जनता को अत्यंत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। महानगर उपाध्यक्ष मीनाक्षी सिंह ने कहा कि दून स्मार्ट सिटी में करोड़ों खर्च के बाद भी धरातल पर कोई कार्य नहीं दिखाई दे रहा है। स्मार्ट सिटी के नाम पर पूरा शहर बदहाल हो गया है।

# सौरमंडल में फिर होने वाली है हलचल बड़ा ग्रह है शनि 11 अक्टूबर से चलेगा सीधी चाल

## शनि के मार्गी होते ही इन राशि वालों की खत्म हो सकती हैं टेंशन, धन लाभ के बन रहे योग

ऋषिकेश/देहरादून । (अमर उजियारा एक्सक्लूसिव)

सौरमंडल के बड़े ग्रह शनि देव ११ अक्टूबर को मार्गी स्थिति में आ रहे हैं इसका असर यद्यपि सभी राशियों पर पड़ेगा परंतु पांच भाग्यशाली राशियों को इसका पूरा लाभ मिलेगा।

उत्तराखंड ज्योतिष रत्न आचार्य डॉक्टर चंडी प्रसाद घिल्डियाल बताते हैं कि–शनि **23** मई **2021** से अपनी वक्री चाल चल रहे हैं। अब पूरे **141** दिन के बाद **11** अक्टूबर को शनि पुनः मार्गी हो जाएंगे। ज्योतिष शास्त्र अनुसार शनि की इस सीधी चाल का प्रभाव सभी लोगों के जीवन पर पड़ता है। शनि को कलयुग का न्यायाधीश माना जाता है। जो मनुष्य को उनके कर्मों के अनुसार दंडित करते हैं। अगर व्यक्ति के कर्म अच्छे हैं तो शनि की दशा के दौरान व्यक्ति खूब तरक्की करता है और अगर कर्म बुरे हैं तो कई कष्टों का सामना करना पड़ता है।

मंत्रों की ध्वनि को यंत्रों में परिवर्तित कर समस्याओं का समाधान करने वाले ज्योतिष वैज्ञानिक की उपाधि से सम्मानित डॉ चंडी प्रसाद घिल्डियाल बताते हैं कि निम्नलिखित ५ भाग्यशाली राशियों के लोगों को इस समय का पूरा फायदा उठाना चाहिए।

**मेष:** शनि की सीधी चाल आपके लिए लाभकारी साबित होगी। इस दौरान आप अपनी समस्याओं का हल निकाल पाने में सक्षम होंगे। बेरोजगार लोगों को नौकरी मिलने की संभावना रहेगी। लेकिन स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना होगा। आर्थिक मामलों के लिए शनि की बदलती चाल शुभ साबित होगी। आपको धन लाभ के प्रबल आसार रहेंगे।

यदि इस राशि के जातक इस समय अंतराल में पूर्ण वैदिक और वैज्ञानिक पद्धति से तैयार शनि ग्रह के यंत्र को धारण करें तो पूरी समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है

**वृषभ:** आपके भाग्य में वृद्धि होगी। मेहनत के अनुसार अनुकूल परिणाम प्राप्त होंगे। आप इस दौरान अपने कार्यों से संतुष्ट रहेंगे। आय में वृद्धि की संभावना है। धन संबंधी दिक्कतें दूर होंगी।

शुक्र और शनि का यंत्र पूर्ण वैदिक और वैज्ञानिक पद्धति से बनाकर यदि इस राशि के जातकों को इस समय अंतराल में पहनाया जाए तो जीवन बदल जाएगा।

**सिंह:** इस राशि के जातकों को कार्यक्षेत्र में मान–सम्मान की प्राप्ति होगी। बिजनेस में भी तरक्की मिलने के योग बन रहे हैं। किसी पुरानी बीमारी से छुटकारा मिल सकता है। लाभ कमाने के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे।

सूर्य और बृहस्पति का यंत्र इस समय अंतराल में तैयार कर यदि इस राशि के जातकों को पहनाया जाए तो सोने पर सुहागा हो जाएगा।

**वृश्चिक:** इस दौरान कार्यक्षेत्र में आपको अपने प्रयासों में सफलता हासिल होगी। आय में वृद्धि के योग हैं। मनचाही नौकरी मिल सकती है। कोई अधूरी इच्छा पूरा होने के आसार दिखाई दे रहे हैं। माता पिता के सहयोग से किसी काम में सफलता मिल सकती है। यात्रा से धन लाभ होने के योग बन रहे हैं।

मंगल और बृहस्पति का यंत्र यदि समय अंतराल में तैयार कर इस राशि के जातकों को पहना दिया जाए तो कमाल हो सकता है।

**मीन:** इस राशि के जातकों की आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। वेतन में वृद्धि के योग बन रहे हैं। समाज में आपको मान–सम्मान की प्राप्ति होगी। अटके हुए कार्य पूरे होने की संभावना है।

बृहस्पति और शनि का यंत्र तैयार करके यदि इस राशि के जातकों को इस समय अंतराल में पहना दिया जाए तो उनकी समस्त समस्याएं हल हो सकती है।

**आचार्य का परिचय**

नाम–आचार्य डॉक्टर चंडी प्रसाद घिल्डियाल

पब्लिक सर्विस कमीशन उत्तराखंड से चयनित प्रवक्ता संस्कृत।

निवास स्थान– धर्मपुर चौक के पास अजबपुर रोड पर मोथरोवाला टेंपो स्टैंड **56 / 1** धर्मपुर देहरादून, उत्तराखंड।

मोबाइल नंबर–**9411153845**

ज्योतिषाचार्य डॉ चंडी प्रसाद घिल्डियाल

उपलब्धियां


वर्ष **2015** में शिक्षा विभाग में प्रथम गवर्नर अवार्ड से सम्मानित वर्ष **2016** में। सटीक भविष्यवाणी पर उत्तराखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री हरीश रावत सरकार ने दी उत्तराखंड ज्योतिष रत्न की मानद उपाधि। त्रिवेंद्र सरकार ने दिया ज्योतिष विभूषण सम्मान। वर्ष **2013** में केदारनाथ आपदा की सबसे पहले भविष्यवाणी की थी। इसलिए **2015** से **2018** तक लगातार एक्सीलेंस अवार्ड प्राप्त हुआ। ज्योतिष में इस वर्ष ५ सितंबर २०२० को प्रथम वर्चुअल टीचर्स राष्ट्रीय अवार्ड प्राप्त किया। वर्ष २०१९ में अमर उजाला की ओर से आयोजित ज्योतिष महासम्मेलन में ग्राफिक एरा में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने दिया ज्योतिष वैज्ञानिक सम्मान।

# चारधाम यात्रा की तैयारी पर डीआईजी ने की समीक्षा

देहरादून। लंबे समय बाद कोविड काल में आज से शुरू होने जा रही चारधाम यात्रा में पुलिस की ओर से होने वाली व्यवस्थाओं को लेकर डीआईजी गढ़वाल रेंज नीरू गर्ग ने रेंज के जिला पुलिस प्रभारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने हाईकोर्ट की ओर से दिए गए निर्देशों के अनुपालन का निर्देश दिया। रेंज के कप्तानों की बैठक में डीआईजी ने कहा कि कोरोना संक्रमण को देखते हुए यात्रा में आने वाले लोगों की कोरोना जांच रिपोर्ट और देवस्थानम बोर्ड की साइट पर पंजीकरण चेक किया जाए। इस प्रक्रिया के बिना किसी को चारधाम में न जाने दिया जाए। वहीं हाईकोर्ट से यात्रा को लेकर धामवार तय की गई संख्या के अनुपालन का भी निर्देश दिया। जांच के लिए उन्होंने जरूरत के हिसाब से चेकपोस्ट बनाने और वहां पर्याप्त फोर्स तैनात करने का निर्देश कप्तानों को दिया। कहा कि टिहरी में भद्रकाली, तपोवन, सुवाखोली, कैंपटी और पौड़ी जिले में कोटद्वार, श्रीनगर में चेकपोस्ट बनाकर यात्रा से जुड़े लोगों की नियमों को लेकर सख्ती से चेकिंग की जाए। यात्रा की गाइडल लाइन के बारे में उन्होंने हरिद्वार, ऋषिकेश, मुनिकीरेती, लक्ष्मणझूला आदि स्थानों में फ्लैक्स और अन्य व्यवस्था से प्रचार–प्रसार का निर्देश दिया। ताकि, लोगों को गाइड लाइन की जानकारी हो। टिहरी में भद्रकाली, तपोवन सुवाखोली, कैम्पटी, पौड़ी जिले में कोटद्वार, श्रीनगर में चेकपोस्ट बनाकर संघन चौकिंग करायी जाय। उन्होंने यमुनोत्री धाम के लिए सीओ बड़कोट, गंगोत्री के लिए सीओ उत्तरकाशी, केदारनाथ के लिए सीओ गुप्तकाशी और बदरीनाथ धाम के लिए सीओ चमोली को नोडल अधिकारी बनाया है।

# टिहरी झील के जलस्तर बढ़ने से ग्रामीणों को है खतरा

नई टिहरी। टिहरी बांध के लिए बनी झील का चरम जलस्तर 830 मीटर प्राप्त होने पर टीएचडीसी के अधिशासी निदेशक (ईडी) यूके सक्सेना ने कहा कि टीएचडीसी कार्मिकों की मेहनत व सरकार के सहयोग से टिहरी झील को उच्चतम स्तर को प्राप्त कर लिया गया है। इससे बांध परियोजना से हर दिन 50 से 60 लाख की आय अतिरिक्त जनरेट होगी। जिसका लाभ सभी को मिलेगा। तो वहीं झील का जलस्तर बढ़ने से ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे भूस्खलन से आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बीती रात को झील का जलस्तर बढ़ने से कंडीसौड़ तहसील के सरोट गांव में लोगों को रातभर जागना पड़ा। झील का उच्चतम स्तर प्राप्त करने के दौरान ईडी सक्सेना ने टिहरी झील का मुआयना करने के बाद कहा कि टिहरी झील का उच्चतम स्तर प्राप्त करने से हर साल 15 से 16 मिलियन यूनिट बिजली का अतिरिक्त उत्पादन होगा।828 आरएल के स्तर पर टिहरी और कोटेश्वर बांध से 20 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन प्रतिवर्ष हो रहा था। जो बढ़कर अब ३३ से 35 मिलियन यूनिट तक पहुंच जायेगा। जिससे ग्रिड के मांग के अनुरूप पर्याप्त विद्युत उत्पादन किया जा सकेगा। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि टिहरी बांध पूरी तरह से सुरक्षित है।835 मीटर तक बांध विस्थापितों का पुनर्वास और प्रतिकर भुगतान किया जा चुका है। उसके बाद 411 परिवारों को ओर चिन्हित किया




गया है। 830 मीटर की परमिशन मिलने के बाद टीएचडीसी ने प्रभावितों के 252 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत कर ली है। प्रभावितों की सूची मिलने तत्काल बाद यह धनराशि पुनर्वास निदेशक को सौंप दी जायेगी।

बांध का जलस्तर 830 किये जाने बाद भी यदि कोई प्रभाविता होता है, मो एक्सपर्ट कमेटी के सर्वे के बाद उन्हें भी प्रतिकर देने का काम किया जायेगा। उन्होंने कहा कि टीएचडीसी आज भी प्रभावितों के साथ खड़ी है। आज उच्चतम जलस्तर का रिकार्ड प्राप्त करने में टिहरी के लोगों का भी सहयोग शामिल है। 830 मीटर का जलस्तर प्राप्त करने के बाद टिहरी बांध अपने पूरी क्षमता से काम कर देश व प्रदेश को लाभान्वित करने का काम करेगा। टिहरी बांध में सेफ्टी व्यवस्थाएं मजबूत : ईडी यूके सक्सेना ने कहा कि टिहरी बांध पूरी तरह से सुरक्षित है, बांध में सेफ्टी व्यवस्थायें इस तरह की हैं कि बांध का जलस्तर जैसे ही 830 से उपर होगा, वैसे ही मार्निंग गैलरी के रूप में बनी राइट साइड अनगेटेड साफ्ट स्विप वे से पानी नीचे उतरने लगेगा। जिससे बांध का जलस्तर इससे अधिक बढ़ेगा ही नहीं, इसके साथ ही भारी बांध आने के बाद भी यदि तेजी से पानी का जलस्तर बढ़ता है, तो उसके लिए अनगेटेड साफ्ट स्विप वे के साथ ही लेफ्ट साईड गेटेड साफ्ट स्वीप वे से भी पानी की निकासी की जाती है।

जिससे जलस्तर बढ़ने का खतरा नहीं रहता है। सीडब्युसी कमेटी ने भी जलस्तर पूरी तरह से मानकों के अनुरूप पाया है।

झील के जलस्तर ने बढ़ाई दिक्कत

एक ओर टिहरी झील का जलस्तर अपने चरम 830 मीटर पर पहुंचने से टीएचडीसी में उत्साह का माहौल है, तो वहीं झील का जलस्तर बढ़ने से ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे भूस्खलन से आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बीती रात को झील का जलस्तर बढ़ने से कंडीसौड़ तहसील के सरोट गांव में लोगों को रातभर जागना पड़ा।गांव के भगीरथू लाल के मकान को पुश्ता जलस्तर बढ़ने से झील में समा गया। रकार के टिहरी झील का जलस्तर चरम 830 तक भरने की अनुमति देने के बाद सुबह 8 बजे टिहरी झील अपने शबाब पर रही। लेकिन झील के शबाब रातभर सरोट गांव के ग्रामीणों को भारी पड़ा। ग्रामीण गांव में झील का जलस्तर बढ़ने से हो रहे भूस्खलन के कारण रात भर जागते रहे। भगीरथू लाल के मकान का पुश्ता झील में समा गया।

रात भर जागते हुये ग्रामीणों की परेशानी को किसी भी आलाधिकारी ने नहीं देखा, सुबह के वक्त प्रशासन के नुमाईंदों ने यहां पहुंचकर भगीरथू लाल व कमला देवी को आनन–फानन में पंचायत घर व पशु सेवा केंद्र में शिफ्ट किया। जबकि गांव के अन्य लोग भूस्खलन के डर से रतजगा करते रहे। मौके पर पहुंचे तहसीलदार मौके पर पहुंचे तहसीलदार कण्डीसौड़ किशन सिह महन्त व राजस्व निरीक्षक प्रताप सिह भण्डारी ने बताया कि मौके पर जाकर निरीक्षण किया लिया गया है।दो परिवारों को पंचायत घर व पशु सेवा केन्द्र मे शिफ्ट किया गया है। यहां पर पानी और विद्युत की व्यवस्था की जा रही है। खतरे की सम्भावना को देखते हुए दो और परिवारों में धीरज लाल व प्यारू लाल के मकान को चिन्हित कर रिपोर्ट डीएम को प्रेषित की गई है। ग्रामीणों में सविता, बिनीता व प्रकाश कहना है कि झील के कारण परेशान हो रहे ग्रामीणों का संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। इस मौके पर राजस्व उप निरीक्षक रबिन्द्र, ब्लाक प्रमुख प्रभा बिष्ट, कनिष्ठ प्रमुख ज्ञान सिह, सुमेरी बिष्ट आदि भी मौजूद रहे।

# कांग्रेस की जीत का मार्ग प्रशस्त करेगी परिवर्तन यात्रा: मकबूल कुरैशी




हरिद्वार। शनिवार को निकलने वाली कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा का पूर्व राज्यमंत्री मकबूल कुरैशी के नेतृत्व में स्वागत किया जाएगा। मकबूल कुरैशी ने बताया कि यात्रा के ज्वालापुर पहुंचने पर दुर्गा चौक पर भव्य स्वागत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि परिवर्तन यात्रा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत का मार्ग प्रशस्त करेगी। केंद्र की मोदी सरकार व प्रदेश की डबल इंजन सरकार की जनविरोधी नीतियों से देश व उत्तराखण्ड की जनता परेशान है। महंगाई, बेरोजगारी दूर करने के बजाए अन्य मुद्दों पर देश की जनता का ध्यान भटकाने का प्रयास किया जा रहा है। जनता से किए गए वादों पर मोदी सरकार खरी नहीं उतरी है। प्रदेश की हालत खराब है। रोजगार तलाश में प्रदेश के युवाओं का पलायन जारी है। फैक्ट्रिया बंद हो रही हैं। श्रमिकों को निकाला जा रहा है। मकबूल कुरैशी ने कहा कि निश्चित तौर पर परिवर्तन यात्रा मील का पत्थर साबित होगी। परिवर्तन यात्रा के दौरान कांग्रेस को मिल रहे जनता के समर्थन को देखकर भाजपा की बेचौनी बढ़ गयी है। हाजी नईम कुरैशी व असद महमूद ने कहा कि गरीब, निर्धन परिवार महंगाई से त्रस्त आ चुके हैं। छोटे व मझौले व्यापारी को आर्थिक मंदी का सामना करना पड़ रहा है। दो वर्षो से कोरोना के चलते व्यापार चौपट हो चुका है। खाद्य पदाथो के दामों में बेहताशा वृद्धि से आमजन हताशा निराशा का सामना कर रहा है। पेट्रोल, डीजल के दाम आम लोगों की पहुंच से बाहर हो चुके हैं। विधानसभा चुनाव में भाजपा का सूपड़ा साफ होना तय है। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में परिवर्तन यात्रा लेकर गजब का उत्साह बना हुआ है। जगह–जगह यात्रा में शामिल कांग्रेसी कार्यकर्ताओं का स्वागत किया जाएगा। इस अवसर पर सुभान कुरैशी, अतीक चौधरी, अनीस, हाजी इमदाद, मुसर्रफ सैफी, छम्मन पीरजी, पार्षद इसरार अहमद, पार्षद सुहेल अख्तर, तस्लीम अहमद, असद महमूद आदि मौजूद रहे।

# बीईओ ने ली संकुल प्रभारियों की बैठक

काशीपुर। शनिवार को बाजपुर रोड स्थित कार्यालय में आयोजित बैठक खंड शिक्षा अधिकारी रणजीत सिंह नेगी ने मुख्य बिंदु ऑफलाइन के साथ ऑनलाइन शिक्षण पर जोर देने, १४ नवंबर को बाल दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने के संबंध में चर्चा की। कक्षा ९ की छात्राओं को साइकिल वितरण की सूची तैयार करने, वात्सल्य योजना के तहत विद्यालय में पढ़ रहे छात्र–छात्राओं को सरकारी योजना का लाभ दिलवाने को कहा। बैठक में कला उत्सव में प्रतिभाग करने के लिए छात्र–छात्राओं को प्रोत्साहित करने, हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा के फॉर्म को भरवाने, राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार आदि मुद्दों पर चर्चा की गई।

# ग्रोथ सेंटर किसानों की आमदनी बढ़ाने में होंगे सहायक:महाराज

पौड़ी। विधानसभा चौबट्टाखाल के दो दिवसीय भ्रमण के दौरान प्रदेश के कैबिनेट मंत्री एवं चौबट्टाखाल विधायक सतपाल महाराज ने शनिवार को विधानसभा चौबट्टाखाल में विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। जलागम के ग्रोथ सेंटरों को किसानों की आमदनी में इजाफा का मजबूत जरिया बताते हुए इसमें उत्पादों के इजाफे पर जोर दिया।शनिवार को सतपाल महाराज ने संयुक्त चिकित्सालय सतपुली में १९ लाख ७० हजार रूपये की लागत से बने ऑक्सीजन जेनरेशन प्लांट सहित अल्ट्रासाउंड मशीन और विधायक निधि से पैथोलॉजी लैब के उपकरणों का लोकार्पण किया और मौके पर ग्रामीणों की जन समस्याओं को भी सुना । साथ ही निस्तारण का आश्वासन दिया। यहां की अव्यवस्थाओं पर अफसरों को कड़ी फटकार भी लगाई। राज्य सेक्टर नाबार्ड के तहत एकेश्वर ब्लाक के पूर्वी नयार नदी पर मत्स्य पालन केंद्र सतपुली की सुरक्षा दीवार हेतु २ करोड़ ७४ लाख ५४ हजार की बाढ़ सुरक्षा योजना, कल्जीखाल ब्लाक के तहत ज्वाल्पा में पश्चिमी नयार नदी पर



१ करोड़ ४ लाख ५७ हजार की लागत की बाढ़ सुरक्षा योजना और द्वारीखाल ब्लाक के तहत राजकीय कन्या विद्यालय सतपुली की सुरक्षा हेतु १ करोड़ २५ लाख ६४ हजार की बाढ़ सुरक्षा योजना का शिलान्यास किया। उन्होने एकेश्वर मोटर मार्ग के पिटकुल के निकट से ग्राम नौगांव के लिए विधायक निधि से निर्मित संपर्क मार्ग एवं राजकीय महाविद्यालय चौबट्टाखाल के लिए संपर्क मार्ग का भी लोकार्पण किया। इस मौके पर सरपंच पातीराम जिन्होंने डेढ किलोमीटर की सड़क काटी उन्हें भी कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने सम्मानित किया। जलागम मंत्री सपताल महाराज ने एकेश्वर ब्लाक के अमोठा में जलागम की ग्राम्या–२ द्वारा ४६ लाख १२ हजार की लागत से बने एग्री बिजनेस, ग्रोथ सेंटर के साथ ही सीमारखाल में भी ३१ लाख ३२ हजार की धनराशि से बने एग्री बिजनेस, ग्रोथ सेंटर का लोकार्पण किया।

# ढूंग मंदार पट्टी में नेगी का जनसंपर्क अभियान जारी

नई टिहरी। ढूंग मंदार पट्टी के गांवों में पूर्व विधायक विक्रम सिंह नेगी का जन संपर्क अभियान निरंतर जारी है। जनसंपर्क व क्षेत्र भ्रमण के दौरान छठवें दिन प्रतापनगर के पूर्व विधायक नेगी ने ग्राम लासी, सैंन, चौंदाना, मुंसाकरी व थात लोगों के बीच पहुंचकर गहन जनसंपर्क अभियान चलाया।पूर्व विधायक नेगी ने ग्राम लासी, सैंन, चौंदाना, मुंसाकरी व थात में घर–घर में जनसंपर्क कर लोगों की कुशलक्षेत पुछते हुये आसन्न विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के पक्ष में काम करने की अपील करते हुये कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार ने जनता को मात्र झुठ बोलकर बरगलाने का काम किया है। जिसका परिणाम है कि आज तक न तो लोगों खाते में १५–१५ लाख आये, नहीं हर वर्ष २ लाख युवाओं को रोजगार मिला। कोरोनाकाल में बेरोजगार हुये युवा हताश हैं, भाजपा सरकार की रोजगार योजनाओं को लेकर बैंक लोन नहीं दे रहे हैं। विकास योजनाओं को लेकर भाजपा की भेदभाव पूर्ण सोच का नतीजा है कि प्रतापनगर का विकास 20 साल पीछे चला गया है। भाजपा शासन में लोग परेशान हैं। बेरोजगारी, महंगाई व भ्रष्टाचार का बोलबाला है। पेंशन व छात्रों की वजीफा तक लोगों को समय पर नहीं मिल पा रही है। जन संपर्क अभियान के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष मान सिंह रौतेला, ब्लॉक अध्यक्ष एससी प्रकोष्ठ दिनेश कुमार, रतन सिंह रावत, सूरत सिंह सजवान, उम्मेद सिंह सजवान, मनीष कुकरेती, विवेक गुसाईं, जमुना प्रसाद बडोनी, अमरदेव पांडे, सूरत सिंह महर, गंभीर सिंह राणा, दर्शनलाल बेलवाल, तेज सिंह रमोला, प्रमोद नेगी आदि शामिल रहे।

# अभद्र टिप्पणी करने पर पुलिस में शिकायत दर्ज करायी



हरिद्वार । भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेष टिकैत की गत 22 सितंबर को लक्सर षुगर मिल में हुई पंचायत के विरोध में सोषल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने के विरुद्ध सुभाश नगर निवासी जितेंद्र चौधरी तथा किसान कांग्रेस के प्रदेष महामंत्री एवं प्रवक्ता राहुल चौधरी ने कोतवाली ज्वालापुर में रुड़की निवासी एक व्यक्ति के विरुद्ध तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच षुरू कर दी है। षिकायतकर्ता जितेंद्र चौधरी एवं किसान कांग्रेस के प्रदेष प्रवक्ता राहुल चौधरी ने बताया कि गत दिवस जीतू राठी के व्हाट्सएप पर किसान यूनियन तथा जाट समाज के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी का मैसेज आया था। बाद में धमकी भरा फोन भी आया जिसमें किसी प्रकार की कार्यवाही करने पर धमकी दी गई थी। जिस व्यक्ति ने उक्त मैसेज भेजा वह एक पार्टी विषेश से जुड़ा कार्यकर्ता बताया जा रहा है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। जबकि जाट समाज ,भारतीय किसान यूनियन तथा किसान कांग्रेस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कठोर कार्यवाही की मांग की है। सोषल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी के साथ गाली गलौज एवं धमकी देने वाले के विरुद्ध कार्यवाही की मांग करने वालों में प्रमुख हैं किसान कांग्रेस के प्रदेष प्रवक्ता राहुल चौधरी, जीतू राठी ,रविंद्र चौधरी ,डॉक्टर मेहरबान ,भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी जतिन चौधरी ,षुभम चौधरी तथा षषांक चौधरी।

# बड़ी संख्या में महिलाओं ने ली आम आदमी पार्टी की सदस्यता

### राज्य के विकास का नया अध्याय लिखने आ रही है आम आदमी पार्टी–नरेश शर्मा



हरिद्वार। ग्राम धनपुरा स्थित आम आदमी पार्टी कार्यालय पर पार्टी के हरिद्वार ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी नरेष षर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाओं ने आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी में षामिल हुई महिलाओं का स्वागत करते हुए नरेष षर्मा ने दावा किया कि आने वाले चुनाव में प्रदेष में आम आदमी पार्टी विकास का एजेंडा लेकर जनता के बीच आई है। उत्तराखंड जैसे राज्य में 300 यूनिट बिजली देने के साथ युवाओं को बेरोजगारी भत्ता तथा 6 महीने में एक लाख रोजगार देने सहित राज्य के समग्र विकास का वादा पार्टी के केंद्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने किया है। जिसे पूरा किया जाएगा। उन्होंने भाजपा और कांग्रेस दोनों पर उत्तराखंड की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकारों की गलत नीतियों और अदूरदर्षिता के चलते ही आज उच्च षिक्षित युवा भी मजदूरी करके जीवन यापन करने को मजबूर हैं। लेकिन आम आदमी पार्टी राज्य के विकास का न्याय अध्याय लिखेगी। उन्होंने पार्टी में षामिल हुई महिलाओं को समुचित सम्मान का भरोसा दिलाया। पार्टी में षामिल हुई नीलू देवी और निर्मला देवी ने कहा कि वे आम आदमी पार्टी की कार्यषैली से प्रभावित होकर आम आदमी पार्टी में षामिल हुई हैं। ज्योति और रेनू चौहान ने भाजपा और कांग्रेस पर आम आदमी की समस्याओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया। ममता देवी और षमी देवी ने कहा कि जनता पूरी तरह आम आदमी पार्टी के साथ है। अजय कुमार ने भाजपा पर झूठे वादे करने का आरोप लगाया। नौरंगी और सुमित कुमार ने कहा कि अब आम आदमी पार्टी ही जनता के लिए विकल्प बची है जिसे हर वर्ग का समर्थन मिल रहा है। कमल सैनी ने दावा किया कि जल्दी ही और भी लोग पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही जिन्होंने आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।


# निर्मल अखाड़े में संत समाज के सानिधय में मनायी गयी गुरू गोविन्द सिंह की पुण्यतिथी

### भक्ति तथा शक्ति के अद्विितीय संगम थे गुरू गोविन्द सिंह महाराज–श्रीमहंत ज्ञानदेव सिंह



हरिद्वार। श्री पंचायती अखाड़ा निर्मल में गुरु गोविंद साहिब की पुण्यतिथी सभी तेरह अखाड़ों के संत महापुरुशों के सानिध्य में मनाई गई। इस दौरान कनखल स्थित अखाड़े के गुरुद्वारे में षब्द कीर्तन एवं अरदास कर विश्व कल्याण की कामना की गई। श्रद्धालु संगत को संबोधित करते हुए श्री पंचायती अखाड़ा निर्मल के अध्यक्ष श्रीमहंत ज्ञानदेव सिंह महाराज ने कहा कि गुरु गोविंद साहब एक दार्षनिक कवि और महान योद्धा थे। जिन्होंने धर्म की रक्षा के लिए समस्त परिवार का बलिदान दिया। गुरु गोविंद सिंह जहां विश्व की बलिदानी परंपरा में अद्विितीय थे। वहीं वह एक महान लेखक, मौलिक चिंतक और संस्कृत भाशा सहित कई भाशाओं के ज्ञानी थे। वे भक्ति तथा षक्ति के अद्विितीय संगम थे। उनके मार्ग का अनुसरण कर युवा पीढ़ी को धर्म व संस्कृति की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित करना चाहिए। महामंडलेश्वर स्वामी अनंत देव गिरी महाराज ने कहा कि गुरु गोविंद साहब महाराज ने सदैव समाज को प्रेम एकता एवं भाईचारे का संदेष प्रदान किया। कोठारी महंत जसविंदर सिंह महाराज ने कहा कि गुरु गोविंद साहब ने मानव मात्र को नैतिकता निडरता तथा आध्यात्मिक जागृति का संदेष दिया और रंग, जाति एवं संप्रदाय के भेदभाव के बिना समता, समानता एवं समरसता के अलौकिक ज्ञान की प्रेरणा समस्त जगत को दी। ऐसे महापुरुशों के जीवन से प्रेरणा लेकर सभी को मानव जाति में प्रेम एवं सद्भावना को जागृत करना चाहिए। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के कार्यवाहक राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत देवेंद्र सिंह शास्त्री महाराज ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में अतुलनीय योगदान देने वाले गुरू गोविन्द सिंह महाराज सभी के प्रेरणा स्रोत हैं। उनके जीवन दर्शन से प्रेरणा लेकर प्रत्येक देशवासी को आदर्श समाज की स्थापना का संकल्प लेना चाहिए। जयराम पीठाधीश्वर स्वामी ब्रह्म स्वरूप ब्रह्मचारी महाराज ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह त्याग एवं वीरता की मिसाल थे। जिन्होंने धर्म की रक्षा के लिए खालसा पंथ की स्थापना की। विश्व हिंदू परिशद के दिनेष भैया ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह एक विलक्षण एवं क्रांतिकारी व्यक्तित्व के संत थे। जिन्होंने राष्ट्र निर्माण में अतुलनीय योगदान दिया। स्वामी रवि पुरी मोनी बाबा ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह ने सदैव सिद्धांतों एवं आदर्षों की लड़ाई लड़ी और भारतीय विरासत तथा जीवन मूल्यों की रक्षा के लिए समाज को नए सिरे से तैयार किया। इस दौरान महामंडलेश्वर स्वामी हरिचेतनानंद, महंत अमनदीप सिंह, महंत देवेंद्र सिंह षास्त्री, महंत खेम सिंह, स्वामी रवि देव षास्त्री, महामंडलेश्वर स्वामी कृशणानंद, वरिश्ठ कांग्रेसी नेत्री अनुपमा रावत पूर्व पालिका अध्यक्ष सतपाल ब्रह्मचारी, स्वामी ऋशिष्वरानंद, श्रीमहंत राम रतन गिरी, जगद्गुरु स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती, स्वामी संतोश आनंद देव, आह्वान अखाड़े के श्रीमहंत षिव षंकर गिरी, महामंडलेश्वर स्वामी रूपेंद्र प्रकाष, महंत कमल दास, स्वामी दिनेष दास, महामंडलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरि, महंत रंजय सिंह, संत निर्भय सिंह, संत सिमरन सिंह, संत जसकरण सिंह, संत तलविंदर सिंह, ज्ञानी जैल सिंह, संत सुमन सिंह, महंत मोहन सिंह, महंत तीरथ सिंह, महंत गुरमीत सिंह, समाजसेवी अतुल षर्मा, देवेंद्र सोडी, श्रीमहंत विश्णु दास, महंत रघुवीर दास, महंत प्रेमदास, महंत अंकित षरण, महंत बिहारी षरण, महंत दर्षन सिंह सहित बड़ी संख्या में संत महंत उपस्थित रहे।

# श्री श्री भोलानन्द सन्यास आश्रम की वार्षिक बैठक में कई प्रस्ताव पारित



हरिद्वार। श्री श्री भोलानन्द सन्यास आश्रम की वार्षिक बैठक में आश्रम व आश्रम से जुड़ी संस्थाओं के विकास के लिए कई प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में आश्रम व आश्रम के संतों से जुड़ी स्मषतियों को संजोने के लिए संग्रहालय स्थापित किए जाने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। बैठक के संबंध में जानकारी देते हुए सचिव गोपालानंद गिरी ने बताया कि कोविड से उत्पन्न हुए हालातों की वजह से संस्था को भारी आर्थिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। बैठक में इससे उबरने के लिए विचार मंथन के अलावा आश्रम के संस्थापक स्वामी भोलानन्द द्वारा स्थापित सौ वर्ष से भी अधिक प्राचीन संघवेद विद्यालय के जीर्णोद्धार तथा संचालन के लिए तीन सदस्यों की समिति गठित करने का फैसला किया गया। समिति की रिपोर्ट के आधार पर विद्यालय का सुधार कर गुरूकुल पद्धति पर आधारित संस्कष्त शिक्षा का प्रमुख केंद्र बनाया जाएगा। सबसे महत्वपूर्ण प्रस्ताव संग्रहालय की स्थापना से संबंधित हैं। संग्रहालय की स्थापना कर इसमें आश्रम के संतों से जुड़ी वस्तुओं तथा आश्रम के इतिहास को प्रदर्शित किया जाएगा। जिससे देश विदेश से आने वाले श्रद्धालु आश्रम व इससे जुड़ी विरासत के विषय में जान सकें। उन्होंने बताया कि आश्रम की देश विदेश में स्थित शाखाओं से समन्वय कर धर्मप्रचार के कार्य को गति देने पर भी विचार किया गया। बैठक में कोषाध्यक्ष निर्मलेन्दु सरस्वती ने आय–व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया। बैठक की अध्यक्षता आश्रम के परमाध्यक्ष महामण्डलेश्वर स्वामी तेजसानन्द गिरी महाराज ने की। बैठक में सचिव गोपालानन्द गिरी, सहसचिव सुप्रकाशानन्द, कोषाध्यक्ष स्वामी निर्मलेन्दु सरस्वती, परिचालन समिति के सदस्य स्वामी सच्चिदानन्द, स्वामी विप्रानन्द, स्वामी मेघानन्द आदि मौजूद रहे।

# सतपुली में डॉक्टरों की लापरवाही पर भड़के सतपाल महाराज



पौड़ी। विधानसभा चौबट्टाखाल भ्रमण पर आए कैबिनेट मंत्री एवं स्थानीय विधायक सतपाल महाराज ने संयुक्त चिकित्सालय सतपुली में ड्यूटी में लापरवाही बरतने और ४ उपस्थिति रजिस्टर बनाने की गड़बड़ी पर चिकित्सकों को जमकर खरी–खोटी सुनाई। शनिवार को यहां पहुंचे पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि ग्रामीणों का कहना है कि डॉक्टर अस्पताल से नदारद रहते हैं। जिससे कि मरीजों को परेशान होना पड़ता है। कहा है कि पहले ही कोरोना काल चल रहा है वहीं डाक्टर यहां रहते ही नहीं। एक के बजाए चार उपस्थिति रजिसटर रखने का क्या औचित्य है। इससे साफ है कि जो यहां नहीं रहते है उनकी भी उपस्थित बाद में लगा दी जाती होगी। मौके पर ही मामले की जांच के भी आदेश दिए गए। उन्होंने कड़ी फटकार लगाते हुए डॉक्टर को हिदायत दी कि यदि इस प्रकार की गलती अगली बार की जाएगी तो बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने मौके पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को डॉक्टरों पर उचित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए

# एनएसएस छात्र–छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

रुद्रप्रयाग। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस को अटल उत्कृष्ट 108 स्वामी सच्चिदानंद राइंका रुद्रप्रयाग में स्वयं सेवियों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस मौके पर विद्यालय में कई तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित हुई जिसमें छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

विद्यालय परिसर में कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यापक–अभिभावक संघ के अध्यक्ष राजेंद्र नौटियाल, विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष पार्वती गोस्वामी, प्रधानाचार्य नरेश जमलोकी, गवर्नेस एवार्ड से सम्मानित दिनेश प्रसाद कोठारी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मां शारदे के चित्र का अनावरण करते हुए माल्यार्पण एवं दीप–प्रज्वलित कर कार्यक्रम शुरू हुआ। साथ ही विद्यालय परिसर में वृहद स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके अलावा वाद–विवाद, पोस्टर, निबन्ध लेखन, लोक– संस्कृति पर आधारित नृत्य का आयोजन किया गया। वाद विवाद प्रतियोगिता में प्लास्टिक का उपयोग जैसे ज्वलंत मुद्दों के विषय पर छात्र–छात्राओं द्वारा पक्ष और विपक्ष में अंग्रेजी माध्यम से सभी के अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया। पक्ष में बोलने पर काजल रावत ने प्रथम स्थान पाया जबकि वैष्णवी शर्मा ने द्वितीय एवं हिमानी ने तृतीय स्थान पाया। विपक्ष में प्रथम स्थान पर वीनस चौधरी, द्वितीय पायल नेगी, तृतीय सिद्धार्थ रहे। पोस्टर प्रतियोगिता में जल–संरक्षण पर चित्रांकन करने वाले वालों में प्राथम आयुषी बर्त्वाल, द्वितीय अभिषेक बुटोला, तृतीय दिव्यांशी रतूडी, महिला सशक्तिकरण पर निबंध लेखन में प्रथम खुशी रावत, द्वितीय प्राची सेमवाल, तृतीय वर्षा रही। लोक–संस्कृति नृत्य में प्रथम आकांक्षा विष्ट, द्वितीय वर्षा, तृतीय प्रियंका चमोली ने प्राप्त किया। स्वयंसेवियों द्वारा प्लास्टिक उन्मूलन एवं जल संरक्षण विषय पर जन–जागरुकता कार्यक्रम भी चलाया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य नरेश जमलोकी ने प्लास्टिक के उपयोग एवं इसके दुष्परिणामों पर व्यापक जानकारी दी। कहा कि इसके उपयोग से समाज को लाभ कम और नुकसान ज्यादा है। पीटीए अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद नौटियाल ने प्रतिभागियों की जमकर प्रशंसा की। कहा कि इस प्रकार के आयोजन समय–समय पर आयोजित किए जाने चाहिए जिससे छात्रों का सर्वागीण विकास हो सके। इस मौके पर बीएस जेठुडी, एनएस नेगी, शशि प्रसाद पुरोहित, बीएस नेगी, प्रकाश पाण्डेय, केके पाण्डेय, एमके थापा, दिव्या नौटियाल, रीता सेमवाल, रश्मि नेगी, तनुजा डयूंडी, प्रतिभा पाण्डेय आदि शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस प्रभारी शशि प्रसाद पुरोहित ने किया।

# शिल्पा शेट्टी बीते कुछ महीनों से काफी मुश्किल भरे दिनों से गुजर रही



नई दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी बीते कुछ महीनों से काफी मुश्किल भरे दिनों से गुजर रही थीं। शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा अश्लील वीडियो मामले में जेल में बंद थे। हालांकि अब राज कुंद्रा को जमानत मिल गई है। जिससे शिल्पा शेट्टी ने भी चौन की सांस ली है। अब पति के जेल से बाहर आने के बाद शिल्पा शेट्टी खुद को रिकवर करने में जुटी हुई हैं। हाल ही में शिल्पा ने पोस्ट शेयर कर इस बारे में बताया है।

शिल्पा शेट्टी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। अभिनेत्री अक्सर कई तस्वीरें और वीडियो शेयर करती रहती हैं। शिल्पा शेट्टी सोशल मीडिया पर अपने जीवन में चल रही उथल– पुथल के बारे में भी पोस्ट शेयर करकी रहती हैं। इन दिनों शिल्पा के जीवन में चल रही उथल–पुथल को अभिनेत्री इशारों– इशारों में ही सही लेकिन बयां जरूर कर देती हैं। हाल ही में शिल्पा ने इसी तरह बताया है कि वो अब रिकवरी की राह पर हैं।

शिल्पा शेट्टी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट की स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर की है। ये एक किताब का लिया हुआ क्वोट है जिसके जरिए शिल्पा शिल्पा ने रिकवर होने, स्ट्रेंथ और आगे बढ़ने को लेकर बात की है। इस क्वोट में लिखा है, "हम सभी ने सुना है कि सफरिंग हमें स्ट्रॉन्ग बनाती है जो हम मुश्किलों से सीखते हैं। यह सच हो सकता है, लेकिन इतना आसान नहीं जितना हम सोचते हैं। मुश्किल समय हमें बेहतर नहीं बनाता, मुश्किल समय में काम करना हमें बेहतर बनाता है। सफरिंग हमें वो ताकत देती है जो हमें भी नहीं पता होता कि हमारे पास है। इसके जरिए शिल्पा ने बताया है कि वो स्ट्रॉन्ग हैं इस समय से रिकवर करने के लिए।

# जयंती पर पं दीनदयाल को किया गया याद

नई टिहरी। पं दीन दयाल को उनकी जयंती पर भाजपाईयों ने याद किया। इस मौके पर दीन दयाल उपाध्याय पार्क में पहुंचकर भाजपाईयों ने फूलमालायें चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुये याद करते हुये कहा कि उनके बताये गये मार्ग पर चलने की आवश्यकता आज के समय में हैं।भाजपा जिलाध्यक्ष विनोद रतूड़ी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चिंतक और संगठनकर्ता थे। वे भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष भी रहे। उन्होंने भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकूल रूप में प्रस्तुत करते हुए देश को एकात्म मानववाद नामक विचारधारा दी। वे एक समावेशित विचारधारा के समर्थक थे। जो एक मजबूत और सशक्त भारत चाहते थे। जिला पंचायत अध्यक्ष सोना सजवाण ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय जनसंघ के राष्ट्रजीवन दर्शन के निर्माता माने जाते हैं। उनका उद्देश्य स्वतंत्रता की पुनर्रचना के प्रयासों के लिए विशुद्ध भारतीय तत्व–दृष्टि प्रदान करना था। जनसंघ की आर्थिक नीति का रचनाकार माना जाता है। उनका विचार था कि आर्थिक विकास का मुख्य उद्देश्य सामान्य मानव का सुख है। कहा कि उनके बताये मार्ग पर चलकर मानव व समाज सेवा को नये आयाम दिये जा सकते हैं। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष विनोद रतूड़ी, जिला पंचायत अध्यक्ष सोना सजवाण, ब्लाक प्रमुख जाखणीधार सुनीता देवी, जिपंस रघुवीर सजवाण, असगर अली, नरेश नेगी, राम लाल नौटियाल, भूपेंद्र चौहान, दिनेश डोभाल, प्रकाश डोभाल, विजय कठैत, पंकज बरवाण, रवि सेमवाल, शीशराम थपलियाल, नरेंद्र तोमर आदि मौजूद रहे।

# सरकारी सिस्टम से परेशान, श्रमदान से शुरू किया सड़क का काम

रुद्रप्रयाग। सरकारी सिस्टम से परेशान होकर जसोली के ग्रामीणों ने अपनी गांव तक सड़क पहुंचाने के श्रमदान शुरू कर दिया है। ग्रामीण जसोली गांव के लिए सड़क के कई बार शासन–प्रशासन के चक्कर काट चुके हैं जबकि ग्रामीणों ने एक सप्ताह पूर्व मुख्यालय में प्रदर्शन भी किया, किंतु कोई सुनवाई न होने पर गांव के लोगों ने मिलकर श्रमदान से सड़क बनाने का काम शुरू कर दिया है।

रुद्रप्रयाग जिले के रानीगढ़ क्षेत्र के जसोली–जीआईसी चमकोट मोटर मार्ग के लिए गांव की प्रधान अर्चना चमोली के नेतृत्व में ग्रामीणों ने हाथों में कुदाल–फावड़ा लेकर स्वयं ही सड़क के लिए श्रमदान शुरू कर दिया है। बड़ी संख्या में गांव की महिला, बुर्जुग, युवा मिलकर इस कार्य में सहयोग कर रहे हैं। है। साथ ही सड़क निर्माण के लिए ग्रामीण चंदा भी एकत्रित कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि मोटरमार्ग बनने से जसोली गांव की अनुसूचित जाति बस्ती के साथ ही राइंका, स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी केंद्र को भी जुड़ना है। ग्राम प्रधान अर्चना चमोली ने बताया कि आंदोलन के बाद ग्रामीणों ने पूर्व में ही श्रमदान से सड़क बनाने का अल्टीमेटम दे दिया था। बावजूद कोई सुध नहीं ली गई। इसलिए ग्रामीण मजबूर होकर श्रमदान कर रहे हैं। कहा कि सड़क के लिए वन भूमि के नाम पर लटकाया जा रहा है।सामाजिक कार्यकर्ता मदनमोहन चमोली ने कहा कि सड़क न होने से कई गर्भवती महिलाओं ने मुश्किलें उठाई। गंभीर बीमार और गर्भवती दम तोड़ रही है किंतु एक छोटी सी मांग पूरी न होने पर ग्रामीण श्रमदान के लिए मजबूर हैं। स्थानीय निवासी त्रिलोक चौधरी, दिनेश रावत, रामलाल, बिंदी लाल, पुष्कर लाल, रमेश मैठाणी, हरीश मैठाणी, ज्योति देवी,मदन लाल, मनोरी लाल, दीपक लाल का कहना है कि अब सभी ग्रामीणों ने सड़क निर्माण का बीड़ा उठा दिया है। अब सड़क बनकर रहेगी। इधर, यूकेडी के युवा नेता मोहित डिमरी ने भी ग्रामीणों के आंदोलन को समर्थन दिया और श्रमदान में सहयोग करने गांव पहुंचे। उन्होंने कहा कि जब तक सड़क नहीं बनी वह ग्रामीणों के आंदोलन में पूरा सहयोग करेंगे। इस मौके पर उनके साथ उक्रांद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भगत चौहान, आईटी महामंत्री सुमित कठैत भी मौजूद थे।

# अवैध निर्माण हटाने को युवाओं का प्रदर्शन–



नई टिहरी। कोटी कालोनी के खांडखाल में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर बनाये गये एक धार्मिक निर्माण को हटाने को लेकर स्थानीय युवाओं ने मौके पर प्रदर्शन किया। युवाओं ने कहा कि प्रशासन ने १५ दिन में स्ट्रक्चर हटाने को कहा था, लेकिन तय समय पूरा होने के बाद भी स्ट्रक्चर को नहीं हटाया गया है। डीएम को ज्ञापन देकर तत्काल स्ट्रक्चर हटाने की मांग की है। सरकारी भूमि पर बिना अनुमति के बनाये गये धार्मिक स्ट्रक्चर को लेकर पूर्व में भी स्थानीय लोग यहां पर हंगामा काट चुके हैं। जिस पर प्रशासन ने जांच कर पाया था, कि पर्यटन विभाग की भूमि पर स्ट्रक्चर बना है। जिसे पंद्रह दिनों में हटाने की बात कही गई थी, लेकिन पंद्रह दिन बीतने के बाद भी स्ट्रक्चर नहीं हटने पर शनिवार को युवाओं ने स्थानीय लोगों के साथ प्रदर्शन किया है। प्रशासन के साथ स्ट्रक्चर को हटाने को लेकर प्रशासन के लोगों से नोक–झोंक भी हुई है। युवाओं का नेतृत्व कर रहे अक्षत विजल्वाण व पवन शाह ने कहा कि हीलाहवाली सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने में हो रही है। स्ट्रक्चर की आड़ में अतिक्रमण किया जा रहा है। पंद्रह दिनों के बाद भी स्ट्रक्चर न हटाना हीलाहवाली है। डीएम को ज्ञापन देकर तत्काल स्ट्रक्चर हटाने की मांग करते हुये युवाओं ने कहा कि बाहरी लोगों का संवेदनशील टिहरी बांध के लिए भी खतरा है। मौके पर पहुंची एसडीएम अपूर्वा सिंह ने युवाओं से बात कर बताया कि मामला अल्पसंख्यक आयोग में होने के चलते अतिक्रमण हटाने का काम समय से नहीं हो पाया है, लेकिन आयोग से मामला सुलझा कर अतिक्रमण को हरहाल में लीगल तरीके से हटाया जायेगा। जिस पर युवाओं ने प्रदर्शन रोका।

# रानीखेत के मीना बाजार में 11 दुकानें राख

अल्मोड़ा। रानीखेत के मीना बाजार में ११ दुकानें राख, फास्ट फूड की दुकान के अंदर तीन सिलेंडरों में धमाका होने से यह हादसा हुआ।मिली जानकारी के अनुसार रानीखेत में नगर के मीना बाजार में शनिवार तड़के आग लग गयी। इससे ११ दुकानें जलकर राख हो गईं। इस दौरान फास्ट फूड की दुकान में रखे तीन गैस सिलेंडर धमाके के साथ फट गये। जिससे आग ने विकराल रूप ले लिया। दमकल की टीम ने तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दावा किया गया अग्निकांड से दुकानदारों को करीब एक करोड़ की क्षति पहुंची हैहालांकि, फायर ब्रिगेड ६५ लाख के नुकसान की संभावना जता रही है। इधर, प्रशासन की तरफ से नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। अग्निकांड पीड़ित में अधिकांश छोटे व्यापारी प्रभावित हुए हैं। उनके सामने रोजी–रोटी का संकट खड़ा हो गया है। राजकीय चिकित्सालय के निचले हिस्से में स्थित मीना बाजार में शनिवार तड़के करीब ३:२० बजे अचानक आग भड़क उठी। ब्लॉक प्रमुख ताड़ीखेत हीरा रावत ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को घटना की सूचना दी। देखते ही देखते आग ने करीब ११ दुकानों को अपनी चपेट में लिया। इधर, सूचना के १५ मिनट बाद प्रभारी अग्निशमन अधिकारी केशव दत्त तिवारी के नेतृत्व में दमकल की टीम मौके पर पहुंची। लेकिन तब तक आग बेकाबू हो चुकी थी। इस बीच एक फास्ट फूड की दुकान में रखे तीन गैस सिलेंडर एक के बाद एक धमाके के साथ फट गये। जिससे दहशत फैल गई। कैंट के सायरन के माध्यम से आग लगने की जानकारी के बाद आस–पास के लोग भी मौके पर जुट गए।ब्लॉक प्रमुख रावत समेत स्थानीय युवा अग्निशमन दस्ते के साथ आग पर काबू पाने में लग गये।

# वर्चुअल बैठक में पल्स पोलियो अभियान पर चर्चा

नई टिहरी। आगामी 26 सितंबर से जनपद के ढालवाला क्षेत्र में शुरू होने वाले उप राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए डीएम इवा आशीष श्रीवास्तव ने सभी संबंधित रेखीय विभागों की गूगल मीट के माध्यम से बैठक ली। एक सप्ताह तक चलने वाले पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए डीएम ने स्वास्थ्य, शिक्षा व जिला कार्यक्रम विभाग को समन्वय स्थापित करते हुए टीम भावना से कार्य करने के निर्देश दिये। पल्स पोलियो अभियान के दौरान कोविड–१९ के नियमों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने को भी कहा गया। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा दीपा रूबाली ने बताया कि २६ सितंबर से २ अक्टूबर तक चलने वाले उप राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान के दौरान ढालवाला क्षेत्र में ( 0–5 ) वर्ष के 6394 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। जिस के लिए 60 बूथ, 24 ट्रांजिट टीम, ९ मोबाइल टीम व हाउस टू हाउस पोलियो की खुराक पिलाये जाने के लिए 17 टीमों का गठन किया गया है।

# संक्षिप्त समाचार

## विदेश से गिफ्ट भेजने के नाम पर युवक से 19 लाख की ठगी

हल्द्वानी । साइबर ठगों ने एक युवक को विदेश से गिफ्ट भेजने के नाम पर 19 लाख रुपये का चूना लगा दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार कमलुवागांजा निवासी हयात सिंह को बीते दिनों फेसबुक पर ऐन मिशेल लोपेज नामक विदेशी महिला की फ्रेंड रिक्वेस्ट आई। इसके बाद दोनों की व्हाट्सएप में चौटिंग शुरू हो गई। दोनों की दोस्ती इतनी बढ़ गई कि अगस्त माह में महिला ने युवक से कुछ उपहार और गिफ्ट भेजने की बात कही। इस बीच, उसे एक अन्य महिला ने दिल्ली एयरपोर्ट की कस्टम अधिकारी बनकर फोन किया और पार्सल में 30 हजार यूएस डालर व 16 लाख के स्वर्ण आभूषण आने की बात कही। बताया कि यह रकम व आभूषण लेने के लिए उसे टैक्स के तौर पर कुछ रकम जमा करनी पड़ेगी। इस पर उसने महिला द्वारा बताये गये बैंक खातों में 19 लाख की रकम जमा करवा दी। लेकिन उसे न तो पार्सल मिला और न ही रकम वापस की गई। इस पर उसे ठगे जाने का अहसास हुआ और वह पुलिस की शरण में पहुंचा। मुखानी थाना एसओ कवींद्र शर्मा ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

## कैबिनेट मंत्री भगत ने की राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा से मुलाकात

हल्द्वानी । कैबिनेट मंत्री बंशीधर भगत ने शनिवार को दिल्ली स्थित राष्ट्रीय कार्यालय में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने उत्तराखंड में होने वाले विधानसभा चुनावों के बारे में विस्तार से चर्चा की। साथ ही जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर राष्ट्रीय कार्यालय में हुए कार्यक्रम में उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। मंत्री भगत ने बताया कि मुलाकात के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने उनसे उत्तराखंड में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बारे में जानकारी ली। साथ ही देहरादून जिले के प्रभारी मंत्री होने के नाते प्रत्येक विधानसभा के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड में भाजपा की टीम पूरी तरह से चुनावों की तैयारी में जुट गई है। यात्राओं व रैलियों के माध्यम से प्रदेश व केन्द्र सरकार की उपलब्धियों को जनता को बताया जा रहा है। साथ ही सरकार जनता की हर तरह की समस्याओं को प्राथमिकता से दूर कर रही है। युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धमी के नेतृत्व में सरकार हर क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही है। भगत ने राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा को आश्वस्त करते हुए कहा कि २०२२ के विधानसभा चुनावों में देवभूमि उत्तराखंड में भाजपा युवा मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार स्थापित करेगी।

## एसटीएच के कर्मचारियों की हड़ताल 24वें दिन भी रही जारी

हल्द्वानी । उपनल कर्मचारी महासंघ ने एसटीएच व मेडिकल कॉलेज के उपनल कर्मचारियों को समर्थन देने की घोषणा की है। उन्होंने सरकार से उपनल कर्मियों की मांगों पर तुरंत कार्रवाई करने की मांग की है। उधर, एसटीएच के कर्मचारियों की हड़ताल २४वें दिन भी जारी रही। शनिवार को उपनल कर्मचारी समिति के अध्यक्ष पीएस बोरा ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने उपनल कर्मचारी महासंघ के प्रदेश महामंत्री हेमंत सिंह रावत के जारी पत्र को दिखाते हुए कहा कि महासंघ ने एसटीएच के उपनल कर्मचारियों की हड़ताल को जायज बताते हुए उनको समर्थन दिया है। बोरा ने कहा कि सरकार लगातार उनसे झूठे वादे कर रही है, जिससे कर्मचारियों में रोष है। उन्होंने कहा कि आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इधर, बुद्ध पार्क में एसटीएच के कर्मचारी २४वें दिन भी धरने पर बैठे रहे। इस दौरान मोहन सिंह रावत, संजय पांडे, मोनिका नंद आदि मौजूद रहे।

## पूर्व सैनिकों ने दिया जिला बनाओ आंदोलन को समर्थन

पिथौरागढ़। क्षेत्र के पूर्व सैनिकों ने भी जिला गठन की आवाज बुलंद की है। उन्होंने जिला बनाओ आंदोलन को समर्थन दिया है। उन्होंने कहा जिला क्षेत्र के हर व्यक्ति की मांग है, इसे सरकार को पूरा करना होगा। कहा जिला गठन की यह लड़ाई सबको मिलकर लड़नी होगी। शनिवार को रामलीला मैदान में पूर्व सैनिकों ने सेवानिवृत्त डीजी कुंदन सिंह पांगती की अध्यक्षता में बैठक की। उन्होंने कहा डीडीहाट जिला बनने से क्षेत्र का विकास संभव है। सालों से क्षेत्र के लोग जिला गठन की मांग कर रहे हैं। लेकिन सरकार इसके लिए गंभीरता नहीं दिखा रही। कहा पूर्व सैनिक जिला बनाओ संयुक्त मोर्चा के साथ मजबूती से खड़े हैं। हर पूर्व सैनिक इस आंदोलन को सफल बनाएगा। कहा जिला बनने तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। चेतावनी देते हुए कहा जल्द जिला नहीं बना तो सरकार को इसकी कीमत चुकानी होगी।

## 14 सूत्रीय मांगों को लेकर विद्युत कर्मियों ने किया प्रदर्शन

पिथौरागढ़। 14 सूत्रीय मांगों को लेकर राज्य विद्युत अधिकारी–कर्मचारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर विरोध जताया। कर्मियों ने कहा कि सरकार द्वारा सकारात्मक कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन का रास्ता चुनना पडेगा। शनिवार को राज्य विद्युत अधिकारी–कर्मचारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा के प्रांतीय मंत्री उमेश चन्द्र जोशी के नेतृत्व में सदस्य विद्युत वितरण खंड परिसर में एकत्र हुए। कहा कि लंबे समय से वे पूर्व की तरह कार्मिकों को मिलने वाले एसीपी 9,14,16 करने, प्रोत्साहन भत्ता, कर्मचारियों को उत्तर प्रदेश की तरह 2005 तक पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू करने की मांग कर रहे हैं। साथ ही कार्यरत संविदा कर्मियों की भी विभिन्न समस्याओं का निस्तारण करने को कहा है। कर्मियों ने कहा कि 21 जून को हुई वार्ता के बाद समझौते को लेकर कोई कार्यवाही नहीं की गई है। समस्याओं का समाधान नहीं होने पर कर्मी उग्र आंदोलन का रास्ता चुनेंगे। सभा का संचालन ईश्वर सिंह धामी ने किया।

# विफलताओं को छुपाने को सांप्रदायिक एजेंडे पर काम कर रही मोदी सरकार: माकपा



विकासनगर। माकपा के राज्य सचिव का. राजेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि यूपीए द्वितीय सरकार की विफलताओं का लाभ उठाकर 2014 में मोदी सरकार सबका साथ सबका विकास के साथ भारी बहुमत से सत्ता में आयी। सत्ता में आकर अपनी विफलताओं को छुपाने के लिए मोदी सरकार सांप्रदायिक एजेंडे पर काम कर रही है। कहा कि मोदी सरकार में लोकतांत्रिक संस्थाओं, धर्मनिरपेक्ष परंपराओं और संवैधानिक संस्थाओं पर लगातार हमले बोले जा रहे हैं। विफलताओं को छुपाने के लिए जनता को भटकाया जा रहा है। माकपा का १६ जिला सम्मेलन सहसपुर स्थित धर्मशाला सभागार में आयोजित किया गया। सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए पार्टी के राज्य सचिव राजेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार हर मोर्चे पर विफल रही। अब वह अपनी विफलताओं को छुपाने के लिए देश के भीतर फूट डालो राजकरो की राजनीति कर रही है। देश को मुठ्ठीभर घरानों के हाथों बेचा जा रहा है। संसद और संसद के बाहर विपक्ष पर हमले तेज किये जा रहे हैं। दुनियां भर में हमारी स्वतंत्र विदेश नीति के विरुद्ध आचरण कर देश को कमजोर किया जा रहा है। डबल इंजन के नाम पर उत्तराखंड में प्रचंड बहुमत से जीत कर आयी भाजपा की प्रदेश सरकार पूरी तरह विफल रही। साढ़े चार सालों में बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार के अलावा जनता को कुछ नहीं मिला। कोरोना काल में कुंभ आयोजित करवाकर संक्रमण फैलाया जिसमें हजारों लोगों को मौत के मुंह में ढकेला गया है। कोरोना जांच के नाम पर करोड़ों का फर्जीवाड़ा किया गया। कहा कि बार बार मुख्यमंत्री बदलकर भाजपा ने अपनी ही सरकारों की विफलताओं को उजागर किया है। अब फिर चुनाव आने वाले हैं तो घोषणाओं के नाम पर सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। कोरोना में बेरोजगार होकर लौटे प्रवासियों की कोई मदद नहीं की गयी। विष्णुप्रयाग परियोजना की आपदा में दो सौ लोग मारे गये। आलवेदर रोड के नाम पर यहां का पर्यावरण और स्थानीय लोगों को क्षति पहुंचाने का काम किया। तीन एक कृषि कानून देश के किसानों पर लादने से देश का अन्नदाता अपने अधिकारों की रक्षा के लिए नौ माह से सड़कों पर उतरा है। पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष शिव प्रसाद देवली ने कहा कि तीन कृषि कानूनों के खिलाफ भारत बंद की सफलता के लिए रात दिन काम चल रहा है। मंडल सचिव इंदु ने टीएचडीसी के निजीकरण किये जाने का विरोध किया। पार्टी नेताओं ने शहीद वेदी पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर पूर्व प्रधान सुंदरथापा, प्रधान माला गुरुंग, लेखराज, अनंत आकाश,शंभु प्रसाद ममगाईं, कृष्ण गुनियाल, याकूब अली, सत्यप्रकाश, साधूराम, मामचंद, भगवंत पयाल, विजय भट्ट, पुरुषोत्तम बडोनी, शेरसिंह, हिमांशु, गगन गर्ग, मनीष, राजेश, अर्जुन सिंह रावत, रंजन सोलंकी, गयूर अहमद, प्रमोद शर्मा, अशोक चौधरी, एनएस पंवार,जितेंद्र गुप्ता, शैलेंद्र, इंद्रेश, देवसिंह, शिशुपाल, नुरैशा, रविंद्रसिंह, वहीद, इस्लाम, ब्रह्मानंद कोठारी, ऐना, ज्योति गुरुंग, रोशन मौर्य आदि मौजूद रहे।

## पपड़ियान में लगा बहुउद्देश्यीय शिविर,20 शिकायतें दर्ज

विकासनगर। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शनिवार को तहसील क्षेत्र की दूरस्थ पंचायत पपड़ियान में बहुउद्देश्यीय शिविर लगाया गया। शिविर में बीस शिकायतें दर्ज की गई, जिनके निर्धारित समय पर निस्तारण के लिए एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। ग्राम प्रधान ने जूनियर हाईस्कूल में मात्र एक शिक्षक होने पर नाराजगी जताते हुए पर्याप्त शिक्षकों की तैनाती की मांग प्रशासनिक अधिकारियों के सामने रखी। एसडीएम विनोद कुमार ने ग्रामीणों को बताया कि प्रत्येक समस्या के समाधान के लिए सरकार की ओर से समय निर्धारित किया गया है। नियत समय पर समस्या का निधरिण नहीं होने की दशा में ग्रामीण प्रशासन से शिकायत दर्ज कर सकते हैं। शिविर के दौरान ग्राम प्रधान नरेंद्र सिंह ने अधिकारियों को बताया कि गांव में बिजली, पानी और यातायात की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। जबकि पेयजल लाइनों के क्षतिग्रस्त होने के बाद समय पर पानी की आपूर्ति बहाल नहीं की जाती है। उन्होंने बताया कि जूनियर हाईस्कूल पपड़ियान में इन दिनों सिर्फ एक ही शिक्षक तैनात है। तीन कक्षाओं का संचालन एक शिक्षक के सहारे होने से छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। कहा कि विद्यालय के एक शिक्षक की पदोन्नति होने के बाद से ही विभाग ने अन्य शिक्षकों की तैनाती नहीं की है। जबकि इसकी सूचना उप शिक्षाधिकारी कार्यालय को दी जा चुकी है। कहा कि शिविर में जिलाधिकारी की मौजूदगी की संभावना को देखते हुए विभाग ने दूसरे विद्यालय से एक दिन के लिए शिक्षक की तैनाती की व्यवस्था की थी। लेकिन डीएम का दौरा निरस्त होते ही शिक्षक की तैनाती भी निरस्त कर दी गई है। प्रधान ने शिक्षा विभाग पर ग्रामीण छात्र–छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने की शिकायत प्रशासनिक अधिकारियों से की। इसके साथ ही ग्रामीणों ने सिंचाई गूलों की मरम्मत, गांव के संपर्क मार्गों की मरम्मत के साथ ही गांव में बहुउद्देश्यीय भवन के निर्माण की मांग अधिकारियों के सामने रखी। प्रधान ने समाज कल्याण की योजनाओं से वंचित पात्र व्यक्तियों के आवेदन संबंधित अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किए। इस दौरान बीडीओ अमर सिंह, सहायक समाज कल्याण अधिकारी पूजा पाल, एसडीओ लघु सिंचाई सतीश शर्मा, संदीप, दिनेश चौहान आदि मौजूद रहे।

## सड़क निर्माण न होने पर विस चुनाव के बहिष्कार की चेतावनी

विकासनगर। ग्राम पंचायत ककनोई की खुली बैठक में ग्रामीणों ने विधानसभा चुनाव से पहले उनकी सड़क माख्टी पोखरी– ककनोई डामटा मार्ग पर कार्य शुरू नहीं होता है तो विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करने की चेतावनी दी। ग्राम पंचायत की बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि वर्ष 2000 से उनकी सड़क आधी अधूरी पड़ी है। पीएमजीएसवाई लोनिवि के अधिशासी अभियंता से कई बार मार्ग को बनाने की मांग की गयी। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गयी।

## नैनीताल घूमने आ रहे दिल्ली के पर्यटकों का वाहन अनियंत्रित होकर खाई में गिरा, 8पर्यटक घायल

नैनीताल। दिल्ली से नैनीताल घूमने आ रहे पर्यटकों की कार शनिवार को बल्दियाखान क्षेत्र में अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में कार सवार आठ पर्यटक घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को कड़ी मशक्कत के बाद करीब ४० मीटर गहरी खाई से बाहर निकाला। जिन्हें उपचार के लिए बीडी पांडे जिला अस्पताल भेजा गया।जानकारी के अनुसार तिलक नगर दिल्ली निवासी हरदीप सिंह इनोवा कार संख्या एचआर–६५ए–०५८५ से प्रीतमपुरा दिल्ली निवासी पर्यटकों को लेकर नैनीताल आ रहा था। नैनीताल से करीब १० किमी पहले ज्योलीकोट के समीप बल्दियाखान क्षेत्र में अचानक कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। संयोग से करीब ४० मीटर नीचे पेड़ पर कार रुक गई। हादसे में कार सवार प्रीतमपुरा निवासी एसके मल्होत्रा, आशा मल्होत्रा, अंकुश मल्होत्रा, अक्षय मल्होत्रा, वीरेंद्र सापरा, विहा सापरा, पलक सापरा समेत कार चालक हरदीप सिंह घायल हो गए। राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। इस बीच वाहन चालक ने ११२ पर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर तल्लीताल एसओ रोहिताश सिंह सागर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस और स्थानीय लोगों ने करीब आधे घंटे तक रेस्क्यू अभियान चलाकर घायलों को खाई से बाहर निकाला। इसके बाद १०८ की मदद से घायलों को बीडी पांडे अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों के अनुसार घायलों की हालत में सुधार है।

# मुदस्सर अजीज की फिल्म डबल एक्सएल नजर आ सकती हैं सोनाक्षी और हुमा कुरैशी

काफी समय से निर्देशक मुदस्सर अजीज की अगली फिल्म डबल एक्सएल सुर्खियों में है। इस फिल्म के लिए सोनाक्षी सिन्हा को पहले ही साइन किया जा चुका था और अब खबर है कि फिल्म में एक नहीं, बल्कि दो अभिनेत्रियां होंगी। इसमें अभिनेत्री हुमा कुरैशी की एंट्री भी हो गई है, जिसके बाद बेशक फिल्म के लेकर दर्शकों का उत्साह और बढ़ जाएगा। ये दोनों ही अभिनेत्रियां फिल्म में अहम भूमिका निभाने वाली हैं।रिपोर्ट के मुताबिक, मुदस्सर अजीज यह फिल्म अश्विनी यार्डी के साथ मिलकर बना रहे हैं। फिल्म की कहानी मोटापे का शिकार हुई महिलाओं के इर्द-गिर्द घूमती दिखेगी। फिल्म से हुमा भी जुड़ गई हैं। वह भी सोनाक्षी की तरह अपने किरदार के साथ न्याय करने के लिए अपना कई किलो वजन बढ़ाएंगी। फिल्म की शूटिंग लंदन में होगी। इस फिल्म का निर्देशन सतराम रमानी कर रहे हैं, जो इससे पहले फिल्म हेलमेट के निर्देशक रह चुके हैं।पिछले दिनों सुनने में आया था कि इस फिल्म में अक्षय कुमार भी नजर आएंगे। चर्चा थी कि वह प्रोस्थेटिक मेकअप की मदद से एक मोटे व्यक्ति के रूप में नजर आएंगे और फैंस को बड़ा सरप्राइज देंगे। अक्षय अपनी बॉडी के साथ जल्दी प्रयोग नहीं करते, इसलिए उन्हें एक अलग लुक देने के लिए निर्माता मेकअप आर्टिस्ट की मदद लेंगे। अक्षय का किरदार वैसा ही होगा, जैसा फिल्म बधाई हो बधाई में अनिल कपूर का था।इन दिनों सोनाक्षी फिल्म ककुड़ा की शूटिंग कर रही हैं। यह एक कॉमेडी फिल्म है, जिसमें सोनाक्षी भूत का शिकार करती दिखेंगी। इसमें उनके साथ रितेश देशमुख और साकिब सलीम भी नजर आएंगे। ककुड़ा की कहानी गांव में एक अजीब अभिशाप के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसमें सोनाक्षी, रितेश और साकिब की तिकड़ी का सामना एक चुनौतीपूर्ण भूत से होता है। वेब सीरीज फॉलेन और संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज हीरा मंडी भी सोनाक्षी के खाते से जुड़ी है।बात करें हुमा कुरैशी की तो वह आजकल फिल्म मोनिका ओह माय डार्लिंग की शूटिंग कर रही हैं। इस फिल्म में उनके साथ राजकुमार राव और राधिका आप्टे नजर आएंगी। फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इसके अलावा अजीत कुमार अभिनीत तमिल फिल्म वालिमाई में भी हुमा एक बेहद खास भूमिका निभा रही हैं। बोनी कपूर इस एक्शन थ्रिलर फिल्म को बना रहे हैं। उन्हें पिछली बार अक्षय कुमार के साथ फिल्म बेल बॉटम में देखा गया था।



# कभी खुद एक्ट्रेस बनूंगी, इसका ख्याल भी नहीं आया: भूमि पेडनेकर

बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर को फिल्म श्दम लगा के हईशा में रोल मिलने का किस्सा खासा दिलचस्प है। दरअसल, भूमि पेडनेकर ने अपने करियर की शुरूआत यशराज फिल्म्स के कास्टिंग डिवीजन से की है। एक दिन भूमि श्दम लगा के हईशा के एक्ट्रेस के लिए ऑडिशन ले रहीं थीं। इस फिल्म में संध्या का रोल काफी इंटरेस्टिंग और एक मोटी लड़की का था। कास्टिंग टीम ने करीब २५० लड़कियों के ऑडिशन लिए। भूमि ने बताया कि श्मैं कास्टिंग करती थी लेकिन कभी खुद एक्ट्रेस बनूंगी, इसका ख्याल भी नहीं आया। संध्या के रोल के लिए इतनी लड़कियों के ऑडिशन लिए लेकिन एक बार भी ऐसा नहीं लगा कि ये रोल मैं भी कर सकती हूं।भूमि ने बताया कि श्यशराज फिल्म्स की कास्टिंग डायरेक्टर शानू शर्मा के पास जाया करती थी। उन्होंने मेरा भी ऑडिशन लिया तो मुझे भी यह रोल इतना आसान नहीं लगा। संध्या के रोल में मुझे चुनने से पहले फिल्म डायरेक्टर शरत कटारिया ने काफी सोचा। वह मुझे सिर्फ इसलिए नहीं कास्ट कर लेना चाहते थे कि मैं यशराज फिल्म्स से जुड़ी थी। वह ऐसे एक्ट्रेस को मौका देना चाहते थे जो स्क्रिप्ट को समझ सके। मुझे वाकई अपनी काबिलियत साबित करनी पड़ी। मै मुंबई में पली पढ़ी




थी। मुझे ९० के दशक की महिला का रोल प्ले करना था। मेरी हिंदी शहरी एक्सेंट वाली थी। लगातार ४ महीने ऑडिशन चला था और एक दिन मुझे बताया गया कि ये रोल मुझे दिया जा रहा है। पहली फिल्म पाने से पहले ६ साल कैमरे के पीछे काम किया है।श्दम लगा के हईशा जब रिलीज हुई तो भूमि पेडनेकर की जमकर क्रिटिक्स ने सराहना की।


भूमि की पहली फिल्म ही हिट हो गई। एक्ट्रेस ने श्टॉयलेटःएक प्रेम कथा, शुभ मंगल ज्यादा सावधान, श्सांड की आंख जैसी फिल्मों में काम कर अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाया है।बता दें कि भूमि पेडनेकर ने अपनी पहचान एक सशक्त एक्ट्रेस की बनाई है। भूमि ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत फिल्म श्दम लगा के हईशा से की थी। इस फिल्म में आयुष्मान खुराना के अपोजिट अपनी शानदार एक्टिंग से क्रिटिक्स का दिल जीतने में कामयाब हुई थीं। इस फिल्म के लिए उन्हें बेस्ट डेब्यू फीमेल का फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला था।

# कार्तिक आर्यन ने पूरी की फिल्म की शूटिंग, अब ट्रेलर से करेंगे धमाका

बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन अपने फैंस के दिलों पर राज करते हैं. एक्टर ने अपने अब तक के करियर में एक से एक नायाब फिल्मों में काम किया है. कार्तिक अब हमेशा ही सुर्खियों में ही रहते हैं. अब कार्तिक अपनी आगामी फिल्म धमाका को लेकर चर्चा में आ गए हैं. टीजर के बाद अब फिल्म का ट्रेलर आने वाला है.

कुछ समय पहले ही कार्तिक आर्यन और करण जौहर के बीच हुई अनबन की बातें सामने आई थीं. अचानक से कार्तिक को करण ने अपनी फिल्म दोस्ताना २ से बाहर कर दिया था. लेकिन इसके बाद से एक्टर के पास काम की लाइन लगी हुई है.

आपको बता दें कि कार्तिक आर्यन स्टारर धमाका ओटीटी पर रिलीज की जाएगी. ये खास फिल्म ओटीटी के प्लेटफार्म नेटफ्लिक्स पर पेश की जाएगी. इस फिल्म से कार्तिक और उनके फैंस को




खासा उम्मीदे हैं. कुछ वक्त पहले ही धमाका का श्टीजश रिलीज हुआ था, जिसको फैंस ने काफी पसंद किया था. हालाँकि धमाका के टीजर को रिलीज हुए छः महीने से भी ऊपर हो चुके हैं पर इस फिल्म की रिलीज को लेकर कोई कोई खास जानकारी सामने नहीं आई थी. अब साफ हो गया है कि कार्तिक ने फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है बता दें कि अब जल्द ही फिल्म का ट्रेलर फैंस के सामने पेश होने वाला है.

हाल ही में कार्तिक आर्यन फिल्म के ट्रेलर के लिए डबिंग करके आए हैं जिसका सीधा अर्थ है कि जल्द ही हमें इस फिल्म का ट्रेलर और रिलीज डेट देखने को मिलने वाली है. दरअसल हाल ही में एक्टर ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह एक पेपर पर धमाका ट्रेलर लिखा हुआ दिखा रहे हैं.इसको देखने के बाद से फैंस काफी उत्साहित हैं कि अब उनको जल्द ही कार्तिक की फिल्म का ट्रेलर देखने को मिलने वाला है. इस फिल्म के लिए कार्तिक ने अपने लुक्स पर भी काफी काम किया है. अब देखना होगा कि आखिर कब धमाका ट्रेलर फैंस के सामने पेश होता है.

आपको बता दें कि हाल ही में कार्तिक ने अपनी फिल्म भूल भुलैया २ की शूटिंग पूरी की हैं. इस फिल्म की शूटिंग के लास्ट सीन में एक्टर की आवाज चले जाने की खबरें भी सामने आई थी. इस फिल्म से भी फैंस को काफी उम्मीदे हैं.

# महेश मांजरेकर की फिल्म व्हाइट में हो गई तब्बू की एंट्री?

अभिनेता और निर्देशक महेश मांजरेकर ने कुछ ही समय पहले अपनी फिल्म व्हाइट का ऐलान किया था। उन्होंने सोशल मीडिया पर फिल्म का पहला पोस्टर शेयर कर इसकी घोषणा की थी। अब खबर है कि उन्होंने अपनी इस फिल्म के लिए हीरोइन का चयन भी कर लिया है। महेश ने खुद यह खुलासा किया है कि व्हाइट के लिए हमेशा से उनकी पहली पसंद तब्बू रही हैं और उनकी जगह इसमें कोई नहीं ले सकता।रिपोर्ट के मुताबिक महेश मांजरेकर २०१० से व्हाइट की कहानी दर्शकों के बीच पेश करने की सोच रहे हैं और अब वह इसके लिए पूरी तरह से तैयार हैं। वह अस्तित्व के बाद दूसरी बार किसी महिला केंद्रित फिल्म पर काम कर रहे हैं। यह एक मध्यमवर्गीय परिवार से ताल्लुक रखने वाली पत्नी की कहानी है, जिसकी इच्छाएं और महत्वकांक्षाएं बेहद गहरी हैं। महेश ने कहा कि उन्हें गर्व है कि वह इस शानदार फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं।महेश ने बताया, जब मैंने तब्बू को इस फिल्म की कहानी सुनाई, वह हैरान रह गईं। उन्होंने मुझसे बस यही कहा, महेश, क्या मैं इस फिल्म के साथ न्याय कर सकती हूं? इस किरदार को पर्दे पर उतारना बेहद मुश्किल है।रिपोर्ट में कहा गया है कि महेश मांजरेकर व्हाइट में तब्बू के अलावा किसी अन्य अभिनेत्री को लेने के बारे में सोच तक नहीं सकते। उन्होंने इसकी कहानी तब्बू को ध्यान में रखकर ही लिखी थी।महेश ने पिछले महीने इंस्टाग्राम पर अपनी इस फिल्म की घोषणा की थी। उन्होंने लिखा था, मैं लगभग एक दशक से इस कहानी के साथ जी रहा हूं और अब आखिरकार व्हाइट को अपना रंग मिल गया है। दो फिल्म निर्माता संदीप और राज शांडिल्य



मेरे ड्रीम प्रोजेक्ट को बनाने में मेरे साथ शामिल हुए हैं। उन्होंने मुझपर भरोसा दिखाया है, इसके लिए मैं काफी उत्साहित हूं। यह फिल्म अगले साल दशहरे के मौके पर रिलीज हो सकती है।फिल्म अस्तित्व में भी महेश मांजरेकर ने तब्बू के साथ काम किया

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक वीना जोशी द्वारा देवभूमि प्रिन्टर्स, सरस मार्केट, हल्द्वानी, नैनीताल रोड, (नैनीताल) से मुद्रित एवं 12, बसन्त विहार छोटी मुखानी, हल्द्वानी (नैनीताल) उत्तराखण्ड से प्रकाशित।

**सम्पादक : वीना जोशी**

**सभी विवादों का निपटारा हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होगा। प्रकाशित समाचारों के लिए प्रेस उत्तरदायी नहीं है।**